जबलपुर
शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025
- चैत मास शुक्ल पक्ष-6
- वर्ष : 19, अंक : 328
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 31
न्यूून. 22

*प्रदेश से एडवेंचर श्रेणी की पहली महिला बनी*

## पर्वतारोही भावना डेहरिया को 'विक्रम पुरस्कार'



**भोपाल।** प्रसिद्ध पर्वतारोही भावना डेहरिया का नाम मध्यप्रदेश शासन के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार – विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के साथ, भावना मध्यप्रदेश से एडवेंचर स्पोर्ट्स श्रेणी में विक्रम पुरस्कार के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ मुंबई
शाम 7.30 बजे से

## सप्तमी-मां कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता, लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी। वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा, वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

महापौर ने नगर निगम परिषद की बैठक में 110 करोड़ 7 लाख चार हजार रुपए घाटे का बजट पेश किया

# निगम का 'सितम'

## दस फीसदी बढ़ाया प्रॉपर्टी टैक्स, पानी बिल भी हो जाएगा पंद्रह फीसदी महंगा

## सीवेज और ठोस अपशिष्ट पर भी पंद्रह फीसदी बढ़ाया टैक्स



**विपक्ष के पार्षदों ने किया टैक्स बढ़ाने का विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के साढ़े पांच लाख प्रॉपर्टी खाताधारकों के लिए यह बोझ वाली खबर है। उन्हें आगामी साल में दस फीसदी बढ़ा हुआ प्रॉपर्टी अदा करना पड़ेगा। इसके साथ पानी का बिल, सीवेज और ठोस अपशिष्ट टैक्स में भी पंद्रह फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

जिससे आम लोगों पर अनुमानित 25 फीसदी का सीधा बोझ बढ़ जाएगा। ऐसे में अगर आप प्रॉपर्टी, पानी, सीवेज और ठोस अपशिष्ट टैक्स सालाना दस हजार रुपए अदा कर रहे हैं तो आपको करीब ढाई हजार रुपए अधिक देना पड़ेंगे।



### जलकर: अब छोटे मकानों पर 242 व बड़े मकानों पर 345 रु. महीना

भोपाल में प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत, पानी और ठोस-अपशिष्ट पर 15 प्रतिशत टैक्स की बढ़ोतरी की गई है। इससे भोपाल के पौने 3 लाख नल कनेक्शन और 5 लाख 62 हजार प्रॉपर्टी टैक्स उपभोक्ता प्रभावित होंगे। छोटे मकानों पर जलकर 210 से बढ़ाकर 242 और बड़े मकानों में 300 से बढ़ाकर 345 कर दिया जाएगा। गरीबों से 30 की जगह पानी बिल अब 35 रुपए लिया जाएगा। महापौर ने 3 हजार 611 करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश करते हुए बजट भाषण में कहा कि शहर की मुख्य सड़कों पर सात प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे।

### अवैध नल कनेक्शन से 200 करोड़ का घाटा

परिषद बैठक में एमआईसी सदस्य रविंद्र यति ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि पानी पर ही निगम सालाना 200 करोड़ के घाटे में है। अवैध नल कनेक्शन भी हैं, इससे राशि नहीं मिल रही है। इस पर कांग्रेस पार्षद मोहम्मद अजीजुद्दीन ने वसूली में सख्ती लाने की बात कही। उनके वार्ड में ही 2 हजार से ज्यादा अवैध नल कनेक्शन हैं। इस बात पर यति ने कहा कि अवैध नल कनेक्शन को लेकर कड़ा नियम बनाया जाना चाहिए।

**लोकसभा के बाद राज्यसभा में वक्फ बिल पेश**

## भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि वक्फ संपत्तियों में भ्रष्टाचार में विपक्षी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी शामिल

# अनुराग बोले- कर्नाटक में खरगे का नाम खरगे ने कहा-न मैं डरुंगा और न झुकूंगा

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सदस्यों के हस्तक्षेप के कारण, भाजपा सांसद को निचले सदन में वक्फ विधेयक पर बहस के दौरान की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन, नुकसान तो हो चुका है।

**झुकूंगा नहीं...यह डायलॉग अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा' से प्रचलित हुआ था**

खरगे की चुनौती के बाद विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर गुरुवार को कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा सदस्य आरोप साबित करें या इस्तीफा दें और अगर आरोप सही हुए तो वह इस्तीफा दे देंगे। खरगे ने आरोपों को निराधार करार देते हुए साथ ही कहा कि इन टिप्पणियों से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ठाकुर को अपने आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर भाजपा सांसद अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते तो उन्हें संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

## खरगे ने कहा-ठाकुर के साथ-साथ राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को भी माफी मांगनी चाहिए

**खरगे की चुनौती: आरोप साबित करें या इस्तीफा दें आरोप सही हुए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा**



### मेरा राजनीतिक जीवन खुली किताब

कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि इस मुद्दे पर ठाकुर के साथ-साथ राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को भी माफी मांगनी चाहिए। खरगे ने कहा कि मेरा करीब 60 साल का राजनीतिक जीवन एक खुली किताब की तरह है। अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में मुझ पर पूरी तरह झूठे और निराधार आरोप लगाए। जब मेरे सहयोगियों ने उन्हें चुनौती दी, तो उन्हें अपनी अपमानजनक टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा लेकिन नुकसान तो हो चुका है।

**अनुराग ने क्या कहा था?**

### वक्फ संपत्तियों को कांग्रेस ने वोट बैंक एटीएम में बदल दिया

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ विधेयक के विरोध को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि विधेयक कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।

*बोले किरेन रिजिजू?*

### आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां

लोकसभा में बुधवार देर रात वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पारित हो गया है। इस विधेयक पर पूरे दिन बहस हुई। कांग्रेस ने इस दौरान जमकर हंगामा किया। इस विधेयक के पक्ष में 288 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 232 सांसदों ने मतदान किया। शुक्रवार को



वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश करते हुए कहा कि आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ रुपए की कमाई का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि ये संपत्तियां अब कितनी आय उत्पन्न कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधनविधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं।

**खंडवा में बड़ा हादसा...**



# गणगौर विसर्जन के लिए सफाई करने कुए में उतरे 8 लोग डूब गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां गणगौर विसर्जन के लिए कुए की सफाई करते समय 8 लोग डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस व प्रशासन ने रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा। मशक्कत के बाद सभी 8 के शव निकाल लिए गए। मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। गांव के चौक में स्थित कुए में दलदल और कचरा होने से जहरीली गैस से यह हादसा होने की बात कही जा रही है। मौके पर एसपी मनोज राय, एसडीएम बजरंग बहादुर सिंह और छैगांवमाखन पुलिस पहुंची। कुए में गैस का प्रभाव कम करने के लिए पानी डाला गया। पंधाना विधायक छाया मोरे ने भी गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

**छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव का मामला रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया**

**कुए में दलदल और कचरा होने से जहरीली गैस रिसाव मौत का की वजह बनी**

### कैसे हुआ हादसा?

गुरुवार दोपहर के वक्त कुछ लोग कुए में सफाई के लिए उतरे थे, लेकिन शाम तक बाहर नहीं निकले। गांव के लोग जब उन्हें देखने पहुंचे, तो उन्हें कुए में कोई हलचल नहीं दिखी, जिसके बाद घटना की जानकारी प्रशासन को दी गई। जिस कुए में हादसा हुआ उसके किनारे एक नाली निकलती है, इसके जरिए गांव का गंदा पानी उसमें जाता है। जिससे कुआं दलदल में तब्दील हो गया है।


## खबर संक्षेप

### यूरोपीय मानक की बसें चलेंगी, 'हथौड़ेछाप' नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बस हादसों में लोगों की होने वाली मौत पर चिंता जताई। गुरुवार को लोकसभा में गडकरी ने कहा कि अब देश में यूरोपीय मानक वाली बसें चलेंगी, हथौड़ेछाप बसें नहीं चलेंगी। ट्रक चालकों की सुरक्षा के लिए कोई भी ट्रक एयरकंडीशन के केबिन के बिना नहीं आएगा।

### पिस्तौल दिखा कर लूट लिया 20 तोला सोना, 2 लाख कैश



**रीवा।** बेटे का दोस्त बताकर घर में घुसे तीन डकैतों ने बुजुर्ग को 3 घंटे बंधक बनाए रखा। उनके मोबाइल का सिम तोड़ा, पिस्तौल दिखाकर 20 तोला सोना और 2 लाख रुपए का कैश लूट ले गए। बुजुर्ग डरा तो उसे दवा भी खिलाई। लूट के बाद बाइक से फरार हो गए। चोरहटा थाना क्षेत्र के गोडहर मोहल्ले की घटना है।

### छैगांवमाखन सीईओ स्वर्णलता काजले निलंबित



**खंडवा।** जिले की छैगांवमाखन जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वर्णलता काजले को इंदौर कमिश्नर दीपक सिंह ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के प्रतिवेदन पर की गई है। निलंबन अवधि में काजले को खंडवा कलेक्ट्रेट कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

टीकमगढ़-सागर हाईवे पर हादसा

## दो बसें भिड़ीं, एक खाई में गिरी, 15 यात्री घायल




- बस में 40 यात्री सवार थे

**टीकमगढ़।** ग्वालियर से सागर जा रही महाकाल कंपनी की बस अचानक खाई में जा गिरी, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। यह हादसा तब हुआ जब बड़ागांव के सीएम राइजड स्कूल के पास सामने से आ रही इसी कंपनी की दूसरी बस के साथ क्रॉसिंग के दौरान बस अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में गिर गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। 15 यात्री घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लंदन से मुंबई आ रही थी

## तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग हुई 200 से अधिक यात्री फंसे




- भारतीय यात्री 16 घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे

**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक की फ्लाइट वीएस 358 की तुर्की के दियारबकिर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। इस दौरान 200 से अधिक भारतीय यात्री 16 घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे। हालांकि, यह हवाईअड्डा इस प्रकार के बड़े विमान को संभालने में सक्षम नहीं था। यात्रियों को यह भी बताया गया कि लैंडिंग के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आ गई।

ईपीएफओ से पैसा निकालना आसान

## कैंसिल्ड चेक अपलोड करने की जरूरत नहीं



- लगभग आठ करोड़ ईपीएफओ सदस्यों को फायदा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को पीएफ खातों से ऑनलाइन धनराशि निकालने के लिए आवेदन करते समय, यूएएन (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) या पीएफ नंबर से जुड़े बैंक खाते की चेक लीफ या पासबुक की सत्यापित फोटो कॉपी अपलोड करनी होती थी। अब इस जरूरत को सरकार ने खत्म कर दिया है। रिटायरमेंट बॉडी ने इन फैसलों के साथ ग्राहकों के लिए दावा प्रक्रिया बनाने की जानकारी दी है।

## बैंकॉक में 'रामकियेन' देखने के बाद पीएम मोदी ने कहा-'दिलों और परंपराओं को जोड़ती है रामायण'



**मंत्रोच्चार, गीता और स्वर्णमंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया**

**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बैंकॉक पहुंचने पर रामायण के थाई संस्करण 'रामकियेन' को देखा। 'रामकियेन' भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, 'एक अद्वितीय सांस्कृतिक जुड़ाव! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा।

**बनासकांठा की** पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से हुई थी मौत

## नमावर घाट पर एक साथ जलीं 18 चिताएं, लोगों की नम हुई आंखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास/हरदा



- दो लोगों की पहचान डीएनए टेस्ट से की जाएगी

देवास के 10 मजदूरों के शवों को पहले उनके गांव संदलपुर ले जाया गया। वहां अंतिम दर्शन के बाद उन्हें नेमावर घाट लाया गया। हरदा के 8 लोगों के शवों को सीधे गुजरात से नेमावर घाट लाया गया। अंतिम संस्कार के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। पूरे इलाके में शोक का माहौल है और लोगों की आंखें नम थीं। गौर हो कि गुजरात के बनासकांठा में एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। इस हादसे में देवास और हरदा के 18 मजदूरों की जान चली गई। इन सभी के शवों का अंतिम संस्कार नेमावर के नर्मदा घाट पर किया गया। मोहन सरकार ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी है। इस हादसे में कुल 20 से अधिक लोगोंकी जान गई।

**जजों की बैठक** में लिया गया अहम फैसला

## सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीश सार्वजनिक करेंगे अपनी संपत्ति



न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है। शीर्ष अदालत में हुई न्यायाधीशों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित 30 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्तियों को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के मुताबिक एक अप्रैल को हुई बैठक में जजों ने संकल्प लिया कि न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी। अब तक 1997 के एक प्रस्ताव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति की घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी होती थी।

**3 से 4 दिन बाद** तापमान में भी होगी बढ़त

## दो दिन बाद साफ होने लगेगा मौसम इससे पहले आंधी, बारिश और ओले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- पांच जिलों में गिरे ओले भोपाल में अंधड़ के साथ बौछारें

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 5 अप्रैल के बाद मौसम आमतौर पर साफ होने लगेगा। इससे पहले गुरुवार से शुक्रवार के बीच भोपाल सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरेंगे। अगले तीन दिन प्रदेश में बदले मौसम से तापमान में बदलाव रहेगा, लेकिन इसके बाद गर्मी में तेजी से बढ़त होगी। गुरुवार को भोपाल सहित आसपास के इलाकों में आंधी के साथ बौछारें पड़ीं। रायसेन, औबेदुल्लागंज, बैरसिया, सीहोर के अलावा बालाघाट, बैतूल, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, सागर, दमोह, नर्मदापुरम, डिंडौरी आदि जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश-बौछारों का दौर रहा। विदिशा, उदयगिरी और सागर के आसपास ओले भी गिरे।



शाम 5:25 बजे



## दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बैन पर शीर्ष कोर्ट का ढील से इनकार

# हर आदमी एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता

**अदालत ने बताया- स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का अहम हिस्सा**

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए हर आदमी सक्षम नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगी रोक पहले की तरह बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों के उत्पादन, भंडारण और और बिक्री में ढील देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर लंबे समय तक चिंताजनक स्थिति में था। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। बेंच ने कहा कि प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए हर आदमी घर या कार्यस्थल पर एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस अदालत से पिछले 6 महीने में पास किए गए कई ऑर्डर दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण की वजह से उत्पन्न भयानक स्थिति को रिकॉर्ड पर रखा है। स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का अहम हिस्सा है, प्रदूषणमुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी है।

अब इनका उत्पादन भंडारण और और बिक्री नहीं की जा सकेगी

दिल्ली में प्रदूषण स्तर दिनों-दिन बढ़ रहा, सुधार नहीं हुआ



**दलील पर भड़के जज**

### आप ज्यादा बड़े एक्सपर्ट हैं, अभी छोड़ रहे आपकी भी सुनेंगे

कोर्ट को बताया गया कि पटाखों पर बैन लगने से प्रदूषण 30 पर्सेंट तक कम हुआ है। इस पर आवेदन दाखिल करने वाले शख्स दावा करने लगे कि पटाखों के सल्फर से हवा शुद्ध होती है। जज ने इस बात पर उनको फटकार लगाई और कहा कि आप ज्यादा बड़े एक्सपर्ट हैं क्या? कोर्ट का कहना है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लंबे समय तक चिंताजनक स्थिति में था। जजों ने याचिकाकर्ता के इस तर्क पर हैरानी जताते हुए कहा कि क्या आप 'नीरी' से भी बड़े एक्सपर्ट हैं? 2 बजे आइए, हम आपको भी कुछ देर सुनेंगे। आवेदन दाखिल करने वाले ने प्रदूषण मामले के मुख्य याचिकाकर्ता एम सी मेहता और दूसरे संगठनों के लोगों पर भारत विरोधी विदेशी संस्थाओं से चंदा खाने का भी आरोप लगाया। जजों ने आवेदन खारिज करते हुए कहा कि यह आपकी पहली ऐसी हरकत है, इसलिए हम जुर्माना नहीं लगा रहे हैं।

**आदेश पर विचार का सवाल ही नहीं**

बेंच ने कहा कि अदालत जब तक इस बात से संतुष्ट नहीं होती कि कथित ग्रीन पटाखों से न्यूनतम प्रदूषण होता है, पिछले आदेश पर विचार का सवाल पैदा नहीं होता है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने कहा कि समय-समय पर दिए गए आदेशों से यह पता चलता है कि पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध दिल्ली में उत्पन्न असाधारण स्थिति की वजह से जरूरी थे।

### कई लोग सड़कों पर भी काम कर रहे

कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण किस तरह लोगों को प्रभावित कर रहा है, उसका अंदाजा लगाया जा सकता है। बेंच ने कहा कि समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण सबसे ज्यादा और खतरनाक तरीके से इन लोगों को प्रभावित करता है।

### कंपनियां बोलीं- सुधार के लिए काम कर रहे

पटाखा बनाने वाली कंपनियों ने कोर्ट को बताया कि गुणवत्ता में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। ग्रीन पटाखों को लेकर कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन पटाखे दूसरे पटाखों की तुलना में सिर्फ 30 पर्सेंट ही कम प्रदूषण करते हैं। कोर्ट इन तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ और उसने पूरे साल के लिए पटाखों पर लगे बैन को बरकरार रखा। एक याचिकाकर्ता ने दावा किया कि विदेशी एजेंसियों के इशारे पर पटाखों पर रोक लगाई जा रही है।

---

**खबर संक्षेप**

### अंधेरी से 5 शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार



**अंधेरी।** मुंबई पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी किसी बड़ी शख्सियत की हत्या के लिए आए थे। अंधेरी के एक होटल से पुलिस ने सभी पांचो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पांचो की गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं।

### बिल की कॉपी फाड़ने पर ओवैसी पर बरसे विज




**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को लोकसभा में पारित हुए वक्फ संशोधन बिल का स्वागत किया। उन्होंने इसे गरीब मुसलमानों की भलाई के लिए अच्छा कदम बताया। विज ने औवेसी द्वारा वक्फ बिल की कॉपी फाड़े जाने की भी निंदा की। सुर्खियों में बने रहने को ओवैसी ऐसी हरकत करते हैं।

### सोलापुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस



**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में गुरुवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सिस्मोलॉजी सेंटर के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंपसुबह 11.22 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के सांगोला के पास 5 किलोमीटर की गहराई में था।

### जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी



**जयपुर।** जयपुर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी ई-मेल से दी गई है। इसके बाद पुलिस के बम निरोधक दस्ते और एटीएस की टीम ने कलेक्ट्रेट में तलाशी ली। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम विस्फोट करने की धमकी फर्जी पाई गई।

---

## लोकसभा के बाद राज्यसभा में मंत्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया

# मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा, हमने इसके दोषों को मिटा दिया

### अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को सरकार की तरफ से मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया। रिजिजू ने कहा कि यहां कहा गया है कि हम जो कदम उठा रहे हैं, मुसलमानों को नुकसान होगा। ये संशोधन गैरकानूनी है, असंवैधानिक है। सभी को अपनी बात कहने का हक है। जो आरोप लगाए गए हैं, हम उसका खंडन करते हैं। उन्होंने कह कि मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। वक्फ क्रिएट करने वाला भी मुस्लिम ही होगा। प्रॉपर्टी मैनेजमेंट में वक्फ बोर्ड को ताकतवर बनाने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है, ये सुझाव हमको चाहिए। रिजिजू ने कहा कि थोड़ा सा अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर में करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी। सेक्शन 40 में कोई किसी प्रॉपर्टी को क्लेम करता था तो उसे वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिया जाता था, इसे हमने हटा दिया। वक्फ बाई यूजर में जो सेटल केस है, उसे हम कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे।



**अब कितनी आय होगी? पहले 12000 करोड़ थी**

रिजिजू ने कहा कि आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ की कमाई का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि ये संपत्तियां अब कितनी आय उत्पन्न कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं।

### कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं: पात्रा



बिल पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं जबकि भारत में वक्फ बोर्ड को कानूनी मान्यता प्राप्त है। पात्रा ने कहा कि मैं सदन में उन इस्लामिक देशों का नाम बताना चाहूंगा जहां वक्फ का वजूद नहीं है। तुर्की, लीबिया, इजिप्ट, सुडान, लेबनान, सीरिया, जॉर्डन, ट्यूनीशिया, इराक जैसे इस्लामिक देशों में वक्फ बोर्ड नहीं है। वहीं भारत में वक्फ बोर्ड है। भारत में वक्फ की प्रॉपर्टी को कानूनी सुरक्षा दी गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि उसके बाद भी हंगामा क्यों है बरपा?

**विपक्ष ने सरकार पर किया पलटवार**

### यह विधेयक झूठ पर आधारित: नासिर



वक्फ विधेयक पर राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि आप (सत्ता पक्ष) सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करते हैं और फिर हम पर ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाते हैं। यह विधेयक पूरी तरह से झूठ पर आधारित है और पिछले 6 महीनों में गलत सूचना अभियान चलाया गया है। भाजपा की फर्जी फैक्ट्री गलत सूचना फैलाने में लगी हुई है। जेपीसी में विपक्षी सदस्यों द्वारा की गई किसी भी सिफारिश को विधेयक में शामिल नहीं किया गया।

### सरकार की नीयत पर संदेह: मनोज झा



राष्ट्रीय जनता दल के प्रो. मनोज कुमार झा ने सरकार की नीयत पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधेयक पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत है। सरकार को इस तरह के कानून बनाने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

### लोगों का अधिकार छीन रही सरकार: संजय



आप सांसद संजय सिंह ने उदय प्रताप की पंक्तियों न तेरा है, न मेरा है ये हिंदुस्तान सबका है। सरकार माई बाप। सरकार मां-बाप होती है जो अपने सभी बच्चों का खयाल रखती है। बाबा साहब ने संविधान में अधिकार दिए हैं जिसको आप छीन रहे हैं।

### अतिरिक्त समय मिलेगा: तिवाड़ी



कुछ अहम रेफरेंस की तलाश किए जाने की बात कहने पर पीठासीन सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने चुटकी भी ली। उन्होंने कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आपको अतिरिक्त समय मिलेगा। आप अपनी बात रखिए।

**धनखड़ ने की ऐसी मजेदार टिप्पणी**

### बीएसएनएल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा



राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐसी बात कह दी, जिसने सदन का माहौल में हल्का कर दिया। सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनल से जुड़े एक प्रश्न पर चर्चा चल रही थी, तभी सभापति धनखड़ ने मजाकिया अंदाज में बीएसएनल का नया नामकरण कर दिया। उन्होंने कहा कि बीएसएनल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कह रहे थे देश के दूर-दराज के इलाकों में निजी टेलीकॉम कंपनियों का नेटवर्क अक्सर काम नहीं करता, लेकिन बीएसएनएल वहां भी मौजूद रहता है और सेवाएं देता है। पटेल की इस टिप्पणी का समर्थन करते हुए धनखड़ ने कहा कि बीएसएनएल के कनेक्शन को लेकर लोगों के मन में भरोसा बना रहता है।

**कोलकाता में सीएम ममता का ऐलान**

### जब भाजपा सरकार हटेगी,वक्फ बिल को रद्द कर देंगे



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को लोकसभा में पास हुए वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि जब भाजपा की सरकार हटेगी तब इस वक्फ बिल को रद्द कर देंगे। उन्होंने भाजपा पर वक्फ बिल के जरिए देश को बांटने का आरोप लगाया है। बीजेपी पर हमला बोलते हुए ममता ने कहा भाजपा ने देश को बांटने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया है।

### राज्यसभा में पास हुआ तो कोर्ट जाएगा पर्सनल लॉ बोर्ड



ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि अगर वक्फ संशोधन विधेयक को राज्यसभा में मंजूरी दे दी जाती है तो पर्सनल लॉ बोर्ड कोर्ट जाएगा। हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा क्योंकि हमारा पक्ष सांविधानिक तथ्यों के अनुरूप है। उम्मीद थी कि जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम बिल का विरोध करेगी, पर ऐसा नहीं हुआ।

---

## चेन्नई में झमाझम बारिश



**चेन्नई।** यहां कुछ समय से भीषण गर्मी से लोगों बेहाल थे। तपती गर्मी के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गुरुवार सुबह भारी होने के साथ लोगों के आराम मिला है। सुबह 6 बजे चेन्नई में अचानक भारी बारिश हुई।

### दिल्ली में 5 अप्रैल से लागू होगी आयुष्मान भारत योजना



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 5 अप्रैल से आयुष्मान भारत योजना शुरू करने जा रही है, जिसमें सबसे गरीब लोगों को प्राथमिकता दी जा ए गी । स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल तक एक लाख लोगों को इस योजना में शामिल किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इस योजना में दिल्ली के सबसे गरीब परिवारों, विशेष रूप से अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## आंदोलन को लेकर किसान नेता ने किया ऐलान

# 129 दिन बाद गांव लौटकर डल्लेवाल ने कहा- झुकेंगे नहीं, लड़ाई चलेगी

### फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे

एजेंसी ▶▶ फरीदकोट

पंजाब के पटियाला के निजी अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बीकेयू एकता सिद्धूपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल वीरवार को फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे। किसान नेता डल्लेवाल पूरे 129 दिन बाद अपने पैतृक गांव पहुंचे। इससे पहले वे 25 नवंबर को अपने गांव से खनौरी बॉर्डर के लिए आमरण अनशन के लिए निकले थे। गांव पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

**किसान महापंचायत का आयोजन किया गया**



गांव डल्लेवाला में भाकियू एकता सिद्धूपुर की अगुवाई में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार की तरफ से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों के मोर्चे जबरन खत्म करवाए जाने का निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही आने वाले दिनों में किसानों की मांगों को लेकर संघर्ष को और तेज करने का बड़ा ऐलान भी किया गया।

**मान सरकार ने छुरा घोंपा :** पंजाब की मान सरकार ने धोखे से किसानों की पीठ में छुरा घोंपा है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बैठक के लिए बुलाकर किसानों को गिरफ्तार किया गया हो।

---

## मराठा योद्धा का जन्मदिन: आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा

# हनुमान हमारे पौराणिक आदर्श और शिवाजी आधुनिक आदर्श, 'युगपुरुष'

### 'युगांधर शिवराय' का विमोचन

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 3 अप्रैल को होती है। वे मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे और अपने कुशल प्रशासन, युद्धनीति और स्वराज्य की स्थापना के लिए प्रसिद्ध हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में 'युगांधर शिवराय' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए हनुमान पौराणिक युग के आदर्श हैं और शिवाजी महाराज आधुनिक युग के आदर्श हैं। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज ऐसे आक्रमणों का मजबूत जवाब देने वाले पहले योद्धा थे।

**भारत की लगातार पराजय के युग को बदला**



भागवत ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों से लगातार परास्त होने का दौर शिवाजी महाराज के उदय के साथ ही समाप्त हो गया क्योंकि उन्होंने अपने पराक्रम से इन समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने भारत की लगातार पराजय के युग को बदल दिया और आगे का रास्ता दिखाया।

**सिकंदर के हमले से भारी क्षति हुई :** संघ प्रमुख ने इतिहास को याद करते हुए कहा कि भारत में हार का सिलसिला सिकंदर के हमले से शुरू हुआ और देश में इस्लाम फैलाने के नाम पर होने वाले हमलों तक जारी रहा। जब 17वीं शताब्दी शुरू हुआ तो शिवाजी इस समस्या का समाधान लेकर आए।

## शिक्षक भर्ती मामला: सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को कर दिया रद्द

# न्यायपालिका के प्रति सम्मान है, लेकिन फैसला अस्वीकार्य

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका के प्रति सर्वोच्च सम्मान है, लेकिन फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। ममता ने कहा कि नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगे, उनसे उम्मीद न खोने को कहेंगे। बेनर्जी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं न्यायपालिका और न्यायाधीशों का बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन मैं मानवीय दृष्टिकोण से इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार सभी कानूनी विकल्पों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगी।

### सीएम बोलीं-नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगी, उम्मीद न खोने को कहेंगी

**भाजपा ने मांगा इस्तीफा, माफी नहीं चलेगी: सुकांत**



बंगाल भाजपा ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की। राज्य भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक्स पर लिखा कि शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी राज्य की विफल मुख्यमंत्री की है। फैसले से साफ है ममता के शासन में कैसे बंगाल में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की योग्यता को पैसे के बदले बेचा गया। मैं ममता से इस्तीफे की मांग करता हूं। अब और माफी नहीं मिलेगी।

**हम उम्मीदवारों के साथ**

ममता ने कहा कि एसएससी एक स्वायत्त निकाय है। यदि न्यायालय ने 3 लमानवीय आधार पर उम्मीदवारों के साथ हैं। वे हर समय बंगाल को क्यों निशाना बना रहे हैं? मैं बंगाल में पैदा हुआ हूं और मैं भाजपा और केंद्र सरकार की मंशा जानता हूं।

### कानूनी रूप से जो भी संभव हो, वह करना होगा


उन्होंने कहा कि हमें फैसले को स्वीकार करना होगा और कानूनी रूप से जो भी संभव हो, वह करना होगा। बेनर्जी ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी इस मामले में जेल में हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए पूछा कि व्यापम मामले में कितने भाजपा नेताओं को गिरफ्तार किया गया? क्या भाजपा पश्चिम बंगाल की शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त करना चाहती है? मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उन लोगों से मिलेंगी, जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है। मैं 7 अप्रैल को नेताजी इंडोर स्टेडियम में उनसे मिलूंगी।

## खबर संक्षेप

### हंगरी का आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान

**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं।

### म्यांमा भूकंपः मृतकों की संख्या बढ़कर 3,085



**बैंकॉक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशकारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं। ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था।

### 14 अप्रैल को अंतरिक्ष में रवाना होंगी 6 महिलाएं

**न्यूयॉर्क।** अरबपतियों की सूची में दूसरे स्थान पर आने वाले जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ऑरिजिन का नया शेपर्ड रॉकेट इतिहास रचने जा रहा है। इस रॉकेट की 11वीं मानव उड़ान की क्रू में केवल महिलाएं होंगी। छह शीर्ष महिलाओं के साथ 14 अप्रैल, 2025 को वेस्ट टेक्सास में लॉन्च साइट वन से यह उड़ान भरी जाएगी।

---

ट्रंप का ऑटो सेक्टर में 25% टैरिफ का ऐलान

## आज से होगा लागू, 600 अरब डॉलर आयात पर पड़ेगा असर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि सभी विदेशी वाहनों और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह टैरिफ सालाना लगभग 600 अरब डॉलर के आयात पर लागू होगा। इतना ही नहीं, यह शुल्क अमेरिका में आयात होने वाले सभी कंप्यूटरों, जिनमें लैपटॉप भी शामिल हैं, पर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी एक फेडरल रजिस्टर नोटिस में दी गई, जिसमें टैरिफ कोड्स का विश्लेषण किया गया। इस बार लगभग 150 अलग-अलग ऑटो पार्ट्स को टैरिफ की सूची में शामिल किया गया है। ये शुल्क 3 मई से प्रभावी होंगे, जबकि वाहन आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क 4 अप्रैल की आधी रात से लागू हो जाएगा। टैरिफ की सूची में इंजन, ट्रांसमिशन, लिथियम-आयन बैटरियां और अन्य प्रमुख ऑटो कंपोनेंट शामिल हैं।

### 10% बेसलाइन शुल्क भी लगाया

इसके अलावा, ट्रंप ने सभी अमेरिकी आयातों पर एक बेसलाइन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का भी ऐलान किया है। कुछ देशों पर यह दर और भी ज्यादा होगी, ताकि गैर-टैरिफ ट्रेड बैरियर्स (यानी अन्य देशों द्वारा लगाए गए छिपे हुए व्यापारिक प्रतिबंध) का मुकाबला किया जा सके। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा शुल्क के अधीन आने वाले ऑटो और ऑटो पार्ट्स पर भी अलग से बेसलाइन या रेसिप्रोकल ट्रैरिफ नहीं लगाया जाएगा। दूसरे शब्दों में, ऑटो शुल्क उन नए रेसिप्रोकल ट्रैरिफ के साथ नहीं जुडेंगे, जो 5 अप्रैल से लागू होंगे।

### और भी बढ़ सकते हैं टैरिफ

व्हाइट हाउस ने वाणिज्य विभाग को 90 दिनों के भीतर एक नई प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे घरेलू निर्माता यह अनुरोध कर सकें कि अन्य आयातित पुर्जों को भी टैरिफ सूची में जोड़ा जाए। यानी, भविष्य में और भी ज्यादा उत्पादों पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। जो वाहन यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौते के नियमों के अनुसार अमेरिका में आयात किए जा रहे हैं, उन्हें कुछ छूट दी जाएगी। ऐसे वाहनों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ सिर्फ उस हिस्से पर लगाया जाएगा, जो अमेरिकी नहीं है।

---

पीएम मोदी ने थाईलैंड समकक्ष पैतोंगतार्न शिनवात्रा से की मुलाकात, कहा

# हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं, आसियान का किया समर्थन

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से संबंधित हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान रहा है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है

एजेंसी ⏭ बैंकॉक

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को छठवें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए थाईलैंड पहुंचे। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पैतोंगतार्न शिनवात्रा से मुलाकात की। पीएम मोदी का बैंकॉक में गवर्नमेंट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने थाई पीएम शिनावात्रा से वार्ता की। इसके बाद पीएम मोदी और थाई पीएम शिनावात्रा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आसियान एकता और आसियान केंद्रीयता का पूर्ण समर्थन करता है। इंडो-पैसिफिक में, फ्री, ओपन, नियम-आधारित व्यवस्था का हम दोनों समर्थन करते हैं। हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से संबंधित हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान रहा है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है।

**सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर की बातचीत**

**पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन संस्कृति, शिक्षा में सहयोग पर जोर**



### भूकंप में हुई जनहानि पर शोक जताया

पीएम मोदी ने 28 मार्च को थाईलैंड में आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से भूकंप में हुई जनहानि के लिए गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### डाक टिकट जारी करने पर जताया आभार



पीएम मोदी ने कहा कि इस खूबसूरत स्वर्ण भूमि में मेरे और प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए मैं पीएम शिनावात्रा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि वे थाईलैंड सरकार के आभारी हैं। उनकी यात्रा के उपलक्ष्य में 18वीं शताब्दी की 'रामायण' भित्ति चित्रों पर आधारित एक खास डाक-टिकट जारी किया है। पीएम शिनावात्रा ने अभी मुझे त्रिपिटक भेंट की। बुद्ध भूमि भारत की ओर से इसे मैंने स्वीकार किया।

### इंडो पैसिफिक विजन में थाईलैंड की खास जगह

पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पैसिफिक विजन में थाईलैंड की खास जगह है। हमने अपने रिश्तों को स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर बातचीत की। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। पीएम ने कहा कि साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को भारत भेजने में थाईलैंड सरकार के सहयोग को लेकर वे थाईलैंड सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

---

ग्रीक द्वीप के पास पलटी नाव

## 4 की मौत, 23 सुरक्षित बचाव अभियान जारी

**एथेंस।** ग्रीस में तुर्की तट से प्रवासियों को लेकर ग्रीक द्वीप जा रही एक नाव बृहस्पतिवार सुबह पलट गई। ग्रीस के तट रक्षक ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और दो बच्चे- एक लड़का व एक लड़की शामिल हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा, 23 लोगों को बचा लिया गया है। तट रक्षक के अनुसार, लेसबोस द्वीप के उत्तरी तट पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मौसम साफ था। इसके बाद भी नाव पलटने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। नाव पर कितने लोग सवार थे, उनकी राष्ट्रीयता क्या थी, वह किस तरह के जहाज का इस्तेमाल कर रहे थे। इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रीस के तट रक्षक के अनुसार, समुद्र और जमीन पर खोज-बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बचाव अभियान में तीन तट रक्षक जहाज, वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर, और एक नाव शामिल हैं, जो हादसे के पीड़ितों की लगातार तलाश कर रहे हैं। हालांकि, कितने लोग लापता हैं। इसके बारे में अभी कोई स्पष्ट रिपोर्ट नहीं मिल पाई है।

---


अमेरिका में भयंकर तूफान से तबाही

## एक युवक की मौत, बिजली के खंभे और पेड़ धराशाई, घरों की छतें उड़ गईं

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन



अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के राज्य अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी में भयंकर तूफान आया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक बारिश और तूफान की संभावना जताई है। अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के बड़े इलाके में भयंकर तूफान ने भारी तबाही मचाई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके अलावा बिजली की लाइनें और पेड़ गिर गए। कई घरों की छतें तक उड़ गईं। मौसम विभाग ने देश के अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की थी। अब अगले चार दिन बर्फीले तूफान और बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है।




72198 21111 | BAJAJ SECURE

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम कीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. कीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम कीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफर्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Jabalpur : Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Wright Town** FRONTIER BAJAJ 77710 11280 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517• **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700. **Authorised Service Centre : Adhartal** 9479999997, **Anuppur** 9826688221, **Bahoriband 8602598363**, **Barghat** 9303455660, **Baihar** 9555367761, **Barhi 9179202547 Bichiya** 9424340254, **Bijuri** 8827988201 **Birsinghpur Pali** 6264386139, **Chhapara** 9713908909, **Chichli**, 9425419598, **Dhanpuri 7489650025**, **Dindori** 9425854910, **Gadarwara** 9617873963, **Gadasarai** 9522711045 **Gotegaon** 9424631001, **Hatta** 9425094139, **Jaisingh Nagar** 9425472262, **Kareli** 9926349292, **Katangi 9302930389 Keolari** 7879822080 **Keswahi 9669691764 Kirnapur** 9009464748, **Kotma** 9329404241, **Kundam** 9981874048, **Lakhnadon 7999593709**, **Madan Mahal** 7880097793, **Majholi** 7898404020, **Mandla** 077710 03238, **Manpur** 9993009143, **Nainpur** 9595929353, **Nowrozabad** 7697487999, **Palari** 9165621818, **Panagar 9302893617**, **Papaundh 9754290155 Patharia** 9893678714, **Rampur 9827246605**, **Saleemanabad** 8823822886, 9691093624 **Shahpura bhitoni** 9755453839, **Shahpura Dindori 7987250082**, **Sihora** 9826439447, **Umaria** 9302281902, **Waraseoni** 9425822517. **Saikheda 9893108022**, **Lanji 9424906995**, **Ghansore 7566551504**, **Majhagawan 9399249831 Rithi 9179891917**, 7587524410 **Badwara 9098307441,8462995655** Chandangaon 7771003685, **Adegaon 9926964389**, **Vijayraghogarh 8225880280**, 769200280, **Tendukheda 9424994577**, **Gokalpur 8109090222**



# सीहोर के बिशनखेड़ी में जलापूर्ति के लिए आवेदनों की पूंछ बनाकर संभाग कमिश्नर दफ्तर पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर जिले का बिशनखेड़ी ग्राम पिछले एक दशक से भयंकर सूखे की चपेट में है। हालात यह है कि दो हजार की आबादी वाला गांव पानी की एक-एक बूंद को तरस रहा है। जिसके चलते ग्रामीण दो किमी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सभी 13 हैंडपंप और बोरवेल सूख गए हैं। इस कारण गांव में एक बूंद भी पानी की नहीं मिलता। सूखे के कारण परेशान ग्रामीण शिकायत पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार और कलेक्टर से भी कर चुके हैं। मामले में कलेक्टर ने पीएचई के चीफ इंजीनियर को जांच करने के निर्देश दिए थे। जांच में विभाग ने गांव के सभी 13 हैंडपंप चालू बता दिए। बुधवार को ग्राम बिशनखेड़ी के रहने वाले बजरंगी नागर 100 से अधिक आवेदनों की पूंछ बनाकर ग्रामीणों के साथ भोपाल संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने संभागायुक्त संजीव सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा।

**खास बातें**

- सीहोर जिले का बिशनखेड़ी गांव पिछले एक दशक से भयंकर सूखे की चपेट
- दो हजार की आबादी एक एक बूंद को तरस रही
- गांव के सभी 13 हैंडपंप और बोरवेल सूखे जांच में विभाग ने बताए शुरू

## सरपंच पति और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बिशनखेड़ी गांव में धाकड़ मोहल्ला मुरलीधर बाड़े के पास शीघ्र नलकूप खनन कराने के आदेश दिए हैं। इसके बाद भी संरपच पति की मनमानी और उच्च स्तरीय राजनीतिक दवाब के कारण पीएचई विभाग को मशीन द्वारा बोर खनन नहीं करने दिया जा रहा है, मशीन को भगाया जा रहा है। उच्च स्तरीय राजनीति ही जल संकट को दूर नही करना चाह रही है। सीहोर जिला कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में जांच दल गठित कर मौके पर जांच कराई जाकर जल सकंट से जूझ रहे ग्रमीणों की समस्या को हल किया जाना चाहिए। साथ ही दोषी सरपंच पति व तहसील इछावर के अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## दो बार बोर के लिए भेजी मशीन

बजरंगी नागर ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा दो बार बोर के लिए मशीन भेजी गई, लेकिन सरपंच पति जितेंद्र तमोलिया ने बोर नहीं लगने दिया। दूसरी बार फिर से मशीन आई तो नायब तहसीलदार किशोर कटारे ने रोक लगा दी और मशीन को हटवा दिया। शिकायत कर्ता बजरंगी नागर ने बताया कि सरपंच पति द्वारा पानी की टंकी की राशि तो ले ली, लेकिन निर्माण नहीं कराया गया है। जिसकी शिकायत कलेक्टर जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन पर की जा चुकी है।

### जलसंकट की समस्या लेकर आए थे

सीहोर के बिशनखेड़ी गांव से ग्रामीण जलसंकट की समस्या लेकर आए थे। जिनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए सीहोर जिला पंचायत सीईओ, पीएचई के अधिकारियों को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. विनोद यादव
संयुक्त आयुक्त (विकास)

## खबर संक्षेप

### फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने डीईओ को ज्ञापन

**भोपाल।** फीस वृद्धि पर रोक लगाने, किताबों की ब्रिकी के लिए मेला आयोजित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर पालक महासंघ मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार को ज्ञापन सौंपा। पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंडया ने ज्ञापन में कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें निर्धारित की गई हैं। इसके बाद भी निजी प्रकाशकों की किताबें धड़ल्ले से बिक रही हैं। पालक महासंघ ने सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लागू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा स्कूलों द्वारा फीस और संपरीक्षित लेखों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने और फीस वृद्धि पर रोक लगाने के संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है।

### मप्र, राजस्थान में सोलर पार्क किए जा रहे विकसित

**जबलपुर।** रिन्यूएबल एनर्जी शक्ति बनने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। विश्व के सबसे बड़े सोलर एनर्जी उत्पादकों में से एक बनने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस भारत और फ्रांस द्वारा स्थापित इस पहल का लक्ष्य सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना है। राजस्थान, गुजरात, मप्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में बड़े सोलर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। तमिलनाडु और गुजरात में ऐसे कई बड़े विंड एनर्जी फर्म स्थापित किए गए हैं। साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट में निवेश कर रहा है, जिनमें अदाणी और रिलायंस जैसे बड़े समूह शामिल हैं। भारत का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी स्थापित करना है।

### विधायक सबनानी के खिलाफ याचिका खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा से विधायक व भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के खिलाफ दायर चुनाव याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने अपर्याप्त तथ्यों के आधार पर चुनाव याचिका को विचारण योग्य नही माना। नवंबर 2023 के विस चुनाव में पराजित कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा द्वारा यह याचिका दायर की गई थी।

### निगम के विरुद्ध दायर व्यवहार वाद निरस्त

**भोपाल।** कलियासोत के 33 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माण को हटाए जाने के लिए नगर निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए सिद्धांत अवस्थी द्वारा नगर निगम के विरूद्ध प्रस्तुत किए गए व्यवहार वाद को सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बृजेश कुमार चन्सोरिया ने सुनवाई के बाद मामला सारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया। व्यवहार वाद के अनुसार वादी का भूखंड आकृति रिट्रीट ग्राम बावड़ियाकलां में स्थित है। नगर निगम द्वारा उन्हें एक नोटिस धारा 307 का दिया गया है कि उनका क्षेत्र कलियासोत के 33 मीटर के दायरे में आ रहा है। उसे हटाएं क्योंकि वह क्षेत्र नो-कन्स्ट्रक्शन जोन है। सप्तम व्यवहार न्यायाधीश ने क्षेत्राधिकार वर्जित होने से व्यवहार वाद को निरस्त कर दिया।

# वाणिज्यिक कर विभाग ने रिकॉर्ड 82 हजार करोड़ का राजस्व किया प्राप्त

अगले वर्ष एक लाख करोड़ रुपए मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) ने रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया है। यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। इसके साथ ही साथ आबकारी, पंजीयन में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ ही वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी, वैट, प्रोफेशनल टैक्स, आबकारी व पंजीयन में 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी के साथ लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह अनुमानित एक लाख करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की संभावना है।

प्रदेश में 5 वर्ष पहले तक में वाणिज्यक कर विभाग को महज 25 से 30 हजार करोड़ रुपए तक का ही राजस्व मिला करता था। किंतु दिनोंदिन बढ़ते अर्थव्यवस्था के आकार की वजह से पांच वर्षो में ही दोगुना से भी ज्यादा राजस्व मिलने लगा। प्रदेश के टैक्स इतिहास में यह अब तक का रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अभी हालांकि रिवाइज्ड एस्टीमेट के अनुसार कुल राजस्व मिलने की जानकारी नहीं मिली। टैक्स में चूंकि पिछले वर्षों के बनिस्पत इस वर्ष काफी अधिक बढ़ोतरी के साथ राजस्व प्राप्त हुआ है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 फीसदी बढ़ोतरी के साथ एक लाख करोड़ रुपए का राजस्व हासिल हो जाएगा।

**खास बातें**

- वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज
- यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व
- आबकारी, पंजीयन में भी रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज

## आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए का राजस्व मिला



वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसटी, वैट और प्रोफेशनल्स टैक्स से कुल करीब 55,500 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। इसी तरह आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए और पंजीयन से करीब 11000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व 29 मार्च तक प्राप्त हुआ। दरअसल, वाणिज्यक कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष के लिए कुल 75 हजार करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा था। बाद में रिवाइज कर इसे 82 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया। किंतु यह 29 मार्च तक के आंकड़ों में ही आ गया। सूत्रों ने बताया कि अंतिम आकड़ों में उसे भी क्रॉस करते हुए करीब 85 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। वाणिज्यक कर विभाग इसका आंकलन कर रही है। जल्दी ही अंतिम रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी।

### अधिकारियों को मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान देने के दिए निर्देश

वाणिज्यिक कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल करीब 96 हजार करोड़ रुपए राजस्व लक्ष्य तय किया है। यह हालांकि वर्ष के अंत तक में रिवाइज टारगेट के साथ एक लाख करोड़ रुपए तक जा सकता है। विभाग ने टारगेट हासिल करने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों खासकर मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि वे अभी से मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान दें। इसके साथ ही टैक्स चोरी रोकने से लेकर टैक्स में हेराफेरी करने वाले कारोबारियो पर अंकुश लगाने को कहा गया है। टारगेट के अनुसार पंजीयन में 13900 करोड़ रुपए, जीएसटी में 42,140 करोड़ रुपए, आबकारी में 17,500 करोड़ रुपए, वैट में 22,698 करोड़ रुपए तथा प्रोफेशनल टैक्स में 372 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

## वन विभाग ने 1600 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान बनाया

वन विभाग की कुशल नीति, वन उत्पादों के प्रबंधन, डिजिटल प्रणाली और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप राजस्व में वृद्धि हो रही है। वन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1600 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह वन विभाग की अब तक की सबसे अधिक राजस्व प्राप्ति है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 200 करोड़ रुपए से अधिक है। वन विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 में 1425 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया, वर्ष 2022-23 में 1400 करोड़ और वर्ष 2021-22 में 1444 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था।

### टिम्बर से हुई सर्वाधिक आय

वन विभाग को प्राप्त राजस्व में सबसे बड़ा योगदान टिम्बर की बिक्री से हुआ है। इस वर्ष विभाग द्वारा टिम्बर बिक्री से 850 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वन विभाग की नीलामी प्रक्रिया और बढ़ती मांग के कारण टिम्बर की बिक्री में वृद्धि हुई है। इसके अलावा अन्य वानिकी उत्पादों और पर्यावरण से जुड़े शुल्क से भी आय में वृद्धि हुई। वन विभाग को राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने से राजस्व में वृद्धि हुई है। ऑनलाइन चालान से विभाग को 1528 करोड़ की आय हुई, जबकि ट्रांसफर चालान से 763 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है।



## मुख्य सचिव ने की समस्त विभागों की समीक्षा

# सीएस ने विजन @2047 को ध्यान में रख विभागों के लिए टारगेट तय किए

- मुख्य सचिव ने ली वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन जानकारी
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यपूर्ति के लिए करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य निर्धारण को लेकर सभी विभागों की समीक्षा की।

जैन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी विभागों की विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक क्रियान्वयन समयपूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव जैन ने बैठक में विजन @>2047 के तहत विभागीय कार्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। शासन के महत्वाकांक्षी गरीब, अन्नदाता, युवा एवं नारी मिशन के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना पर भी व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि मुख्यंमत्री डॉ. यादव के प्राथमिकता वालें विषयों के क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए केन्द्र सरकार को भेजे जाने वाले उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं मांग स्थिति की भी जानकारी ली।

## 50 हजार की सुपारी देकर 6 लोगों ने दिया घटना को अंजाम, बेल्ट से घोंटा था गला

# सौतेली मां और चाची ने करवाई थी बच्चे की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार जिले के ग्राम डोंगरीडीह में 14 वर्षीय बालक की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ा खुलासा किया है। नाबालिग की बेल्ट से गला घोंटकर शव रेत में दफना दिया गया था। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर इस जघन्य अपराध का पर्दाफाश कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में मृतक की सौतेली मां और सगी चाची मुख्य षड्यंत्रकारी निकलीं।

घटना 1 अप्रैल की है। महानदी किनारे डोंगरीडीह के पास बालक का शव मिलने की सूचना पर थाना लवन पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम ने जांच की, जिसमें हत्या गला घोंटकर किए जाने की पुष्टि हुई। मृतक की गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



### हत्या की साजिश में 3 नाबालिग भी शामिल

पूछताछ में सामने आया कि, मोंगरा धृतलहरे और मीना धृतलहरे ने मृतक की हत्या के लिए गोविंदा कोसले को 50,000 की सुपारी दी थी। आरोपी ने 3 अपचारी बालकों को साथ मिलाकर 30 मार्च 2025 की रात बालक को बहाने से बाइक पर बैठाकर महानदी किनारे ले जाकर बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी।

### पारिवारिक विवाद के चलते की वारदात

हत्या का कारण पारिवारिक विवाद था। सौतेली मां मीना को मृतक के प्रति ताने सुनने पड़ते थे, जबकि चाची मोंगरा के अवैध संबंधों की शंका के चलते घर में अनबन थी। दोनों महिलाओं ने मिलकर साजिश रची और सुपारी देकर हत्या करवाई। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## एक किलो से अधिक माल जब्त, तिल्दा नेवरा क्षेत्र की घटना

# गांजे की तस्करी करता हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने गांजा तस्करी करते हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। तस्कर गांजा बेचने के फिराक में था। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को एक किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पूरा मामला थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र की है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने पास बोरी में गांजा रखा है, जो थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम कुंदरू जलसो की ओर जा रहा है।

पुलिस की टीम ने मौके पर मुखबिर के बताए हुलिए के आरोपी को ग्राम कुंदरू एवं जलसो के मध्य डैम के सामने चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम पन्ना लाल पारधी निवासी तिल्दा नेवरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी पन्ना लाल पारधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया। इसकी कीमत लगभग 10 रुपये आंकी गई है।

आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत एफआई आर दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपी पन्ना लाल पारधी थाना तिल्दा नेवरा का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में चोरी, आर्म्स एक्ट एवं मारपीट के लगभग आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध है, जिनमें आरोपी जेल निरूद्ध रह चुका है।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों ने दर्शकों को किया भावविभोर

# मिस्त्र की धरती पर छत्तीसगढ़ के लोक नृत्यों की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मिस्त्र की ऐतिहासिक भूमि पर जब छत्तीसगढ़ के लोकनृत्यों की अनुगूंज बिखरी तो पूरा माहौल मंत्रमुग्ध हो उठा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले छत्तीसगढ़ पीडी पंथी परिवार ने इस बार 12वें अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व कर राज्य का मान बढ़ाया। मिस्त्र देश की ऐतिहासिक धरती पर कभी प्राचीन सभ्यताओं का विकास हुआ। वहीं, आज छत्तीसगढ़ के पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य और बस्तर के आदिवासी नृत्य की जीवंत प्रस्तुतियों ने वहां




उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कृषि विभाग कबीरधाम) ने मिस्त्र के राज्यपाल को संत गुरु घासीदास बाबा की स्मृति चिन्ह भेंट कर छत्तीसगढ़ के महान संत के संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रचार किया। यह अवसर केवल नृत्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह भारत और मिस्त्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बना। मिस्त्र के राज्यपाल ने भी छत्तीसगढ़ के इस सांस्कृतिक दूत मंडल को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। लोकनृत्यों में भारत का प्रतिनिधित्व कर बेहतर प्रदर्शन कर कबीरधाम वापस लौटने के बाद गुरुवार को जिला प्रशासन व कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचरियों ने कबीरधाम जिले में पदस्थ पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कृषि विभाग) के उज्जव भविष्य के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

### सांस्कृतिक यात्रा का सबसे गौरवशाली पल

इस सांस्कृतिक यात्रा का सबसे गौरवशाली क्षण वह था, जब विश्व की सबसे बड़ी और सुंदर नील नदी में भारत का तिरंगा झंडा फहराया गया। यह ऐतिहासिक क्षण केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय था। इस यात्रा में एक और उपलब्धि जुड़ी जब पंथी दल ने दुनिया के पहले अजूबे गीजा के ग्रेट पिरामिड के सामने छत्तीसगढ़ के पंथी नृत्य की प्रस्तुत देकर इतिहास रच दिया। हजारों वर्षों से खड़े इन महान पिरामिडों की पृष्ठभूमि में जब छत्तीसगढ़ का परंपरागत पंथी नृत्य प्रस्तुत हुआ तो मानो यह संस्कृति का एक अद्भुत संगम बन गया।

### *कई देशों में यह पंथी दल दे चुका प्रस्तुति*

*छत्तीसगढ़ के इस सांस्कृतिक प्रतिनिधि मंडल में पुनदास जोशी, श्वेता मनहर, रामाधार बंजारे, डॉ. हरेंद्र, मनोज कुमार, डॉ. अल्का मिंज, मुस्कान देशलहरे, आकांक्षा वर्मा व आकांक्षा केशवानी शामिल थे। यह पंथी दल भारत के 17 राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने की उपलब्धि हासिल कर चुका है। इस दल ने वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्यपथ, नई दिल्ली पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर अपनी पहचान को और मजबूत किया था। पंथी नृत्य दल को अब तक इटली, चीन, थाईलैंड, किर्गिस्तान, बैंकॉक और मिस्र सहित सात देशों से आमंत्रण मिल चुका है।*

## जवाब न देने पर 15 हजार रुपए की कॉस्ट लगाने की चेतावनी

# पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के मामले में सरकार को जवाब के लिए आखिरी मोहलत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग को उसकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सरकार को जवाब पेश करने के लिए अंतिम मोहलत दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने कहा कि यदि जवाब नहीं आया तो 15 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई जाएगी। मामले पर अगली सुनवाई 16 जून वाले सप्ताह में होगी। जबलपुर की एडवोकेट यूनियन फार डेमोक्रेसी एन्ड शोशल जस्टिस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। वर्ष 2024 में याचिका दायर कर प्रदेश में ओबीसी वर्ग क्रो संख्या के अनुपात में आरक्षण दिए जाने की मांग की गई थी। विगत एक साल में 11 बार सुनवाई हुई, लेकिन सरकार ने जवाब पेश नहीं किया। कोर्ट को बताया गया कि 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में एससी की 15.6 प्रतिशत, एसटी की 21.14 प्रतिशत, ओबीसी की 50.9 प्रतिशत, मुस्लिम की 3.7 प्रतिशत



आबादी है। शेष 8.66 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग की जनसंख्या है। प्रदेश में एससी को 16 फीसदी, एसटी को 20 प्रतिशत, ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। प्रदेश में ओबीसी वर्ग 51 प्रतिशत की आबादी है, इसलिए उसी अनुपात में आरक्षण दिया जाना चाहिए। दलील दी गई कि इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को यह निर्देश दिए थे कि ओबीसी वर्ग क्रो निर्धारित मापदंडो के आधार पर उनकी सामाजिक, आर्थिक शैक्षणिक स्थितियों का नियमित रूप से परीक्षण करने के लिए स्थायी अयोग गठित किया जाए। आयोग तो बना लेकिन ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए काम नहीं हुआ।

## ससुराल आए दामाद की हत्या पर पांच को उम्रकैद

### सेशन कोर्ट का फैसला, ढ़ाई-ढ़ाई हजार का जुर्माना लगाया

जबलपुर । जिला अदालत ने ससुराल आए दामाद की बुलेट की आवाज से नाराज होकर उसकी हत्या करने के पांच आरोपितों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला की अदालत ने जबलपुर निवासी शनि उर्फ ऋतिक यादव, हिमांशु यादव, अमन महोबिया, अभिषेक पांडे व सुनील यादव का दोष सिद्ध पाया। सभी पर ढ़ाई-ढ़ाई हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक बविता कुल्हारा ने कोर्ट को बताया कि रांझी गोकलपुर पंचायती कुआं के पास फरियादी अशोक पटेल का मकान है, जो बस ड्राइवर है। 10 मार्च, 2020 की दोपहर उसके घर उनका दामाद रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी बालकराम पटेल अपने भांजे दीपक पटेल के साथ होली का त्यौहार मनाने आया था। त्योहार मनाने के बाद जब शाम को वह वापस अपने घर जाने के लिए बुलेट गाड़ी स्टार्ट की तो उसकी आवाज सुनकर हिमांशु यादव, सनी यादव, आयुष यादव, अभिषेक उर्फ पिंकू पांडे आ गए और उनके दामाद बालकराम पटेल से गालीगलौज करने लगे। उसके विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे फरियादी अशोक पटेल व उनके परिजनों को भी चोटे आई। गंभीर रूप से घायल बालकराम को विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिकायत पर रांझी पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया।



## इतिहासकार राजकुमार गुप्ता द्वारा लिखित रानी दुर्गावती के जीवन पर केंद्रित किताब का हुआ विमोचन

**जबलपुर।** नेपियर टाऊन भवरताल गार्डन के पास स्थित हीरा लाल गुप्ता कला वीथिका में बुधवार को इतिहासकार व वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार गुप्ता द्वारा लिखित गौडवाना राज्य की रानी दुर्गावती के जीवन पर लिखी किताब का विमोचन हुआ। जनजाति जनकल्याण संस्था के इस कार्यक्रम में विधायक डॉ अभिलाष



पाण्डे, पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे, पूर्व निगमायुक्त आईएएस वेदप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जबलपुर गहोई वैश्य समाज पंचायत की ओर से राजकुमार गुप्ता पिपरसानिया को सम्मानित भी किया गया। अभिनंदन पत्र समाज अध्यक्ष श्यामबिहारी चौदहा, इंजी. कमलकांत बहरे, डॉ श्रीकृष्ण बिलैया, प्रभात कठल, गोपाल हूंका, आदि पंचगणों ने प्रदान किया।

## जबलपुर जिले को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र

**जबलपुर।** जबलपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जब जिले के 26 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। यह प्रमाणपत्र जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं देने की दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के नेतृत्व में जिले के 26 उप स्वास्थ्य केंद्रों ने एनक्यूएएस मानकों को पूरा करते हुए यह प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र प्राप्त किया। हाल ही में जोधपुर, रमखिरिया, फनवानी, हिनोतिया और बरौदा उप स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाणन मिला, जिससे जिले में इस प्रमाणन प्राप्त केंद्रों की संख्या 26 हो गई है। यह प्रमाणन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और मरीजों के बेहतर उपचार परिणाम सुनिश्चित करने में मदद करता है। प्रमाणन से संबंधित संस्थाओं को वित्तीय प्रोत्साहन भी मिलता है, जो स्वास्थ्य संस्थाओं को अपने कार्यों में सुधार और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

**26 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने हासिल किया एनक्यूएएस सर्टिफिकेट**

# आई.पी.एल. क्रिकेट के सट्टे के अड्डे पर पुलिस का छापा

### रीवा, महाराष्ट्र, कटनी के आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर।

गोहलपुर थाना अतंर्गत त्रिमूर्तिनगर में आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए पुलिस ने पांच सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 मोबाइल, 2 लैपटाप, एटीएम कार्ड, और नगद 5 लाख रुपए जब्त किए है। गोहलपुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर लाला पान चौक त्रिमूर्तिनगर में स्वर्ण सरोवर मल्टी के द्वितीय तल पर मोबाइल, लैपटाप से आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिला रहे चेरीताल



वार्ड निवासी 22 वर्षीय निखिल जायसवाल, ग्राम जलेब थाना बुलढाणा महाराष्ट्र निवासी 30 वर्षीय सचिन फाल्के, ग्राम लौर मउगंज जिला रीवा निवासी 26 वर्षीय मुकेश जायसवाल, खेवर लाईन संत कवार राम वार्ड कटनी मुडवारा जिला कटनी निवासी 20 वर्षीय अविनाश बैजनानी, जय मल्लाह चौक जलेब थाना बुलढाणा महाराष्ट्र निवासी 26 वर्षीय नितिन मोहे, को गिरफ्तार कर उनके पास से एचपी कम्पनी का 1 लेपटाप, 1 डेल कम्पनी का लेपटाप, विभिन्न कम्पनियों के 15 मोबाइल, एक एटीएम कार्ड, 4 मोबाइल चार्जर एक मोडल्युर बोर्ड, 2 लेपटाप के चार्जर, एडाप्टर जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट एवं 112 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की गई।

## पुस्तक मेलाः रियायती दरों पर मिल रही पुस्तक

**जबलपुर।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को न्यूनतम दरों पर पुस्तक, कॉपी एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक भवन के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा पुस्तक मेला सफलता की नई इबारत लिख रहा है। जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च से 5 अप्रैल तक लगाए जा रहे बारह दिवसीय पुस्तक मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक पहुंचकर शैक्षणिक सामग्री की खरीदी पर खासी छूट प्राप्त कर रहे हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्मृतियां भी अपनी यादों में हमेशा के लिए अंकित करने के साथ ही मेला स्थल पर बनाये गये फूड जोन में जाकर स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका भी ले रहे हैं। पुस्तक मेला के आयोजन के दसवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ प्रदीप दुबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बाल कलाकारों द्वारा दी गईं एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों ने कला प्रेमियों का मन मोह लिया।

**यूनिफार्म और शैक्षणिक सामग्री से बच्चों और अभिभावकों के खिल रहे चेहरे**



## चण्डालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर के मामलों में कार्रवाई करने निगमायुक्त ने दिए निर्देश

जबलपुर।

चण्डालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर में विचाराधीन सभी प्रकरणों में विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन प्रकरणों में लीजधारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों, अवैध कब्जाधारियों और उच्च न्यायालय के फैसलों के तहत कार्रवाई की आवश्यकता है, उन सभी पर शीघ्र और नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर सभी प्रकरणों का स्थल परीक्षण करने और तत्पश्चात कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।निगमायुक्त ने लीजधारियों को नोटिस तामिल करने, अवैध कब्जे का अतिक्रमण हटाने और उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को आदेशित किया। साथ ही, जिन मामलों में गोदामों का संचालन किया जा रहा है, वहां गैर-ट्रांसपोर्ट व्यवसाय मान्य किए जाने संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उच्च न्यायालय से सलाह लेने की बात भी कही गई। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।इसके साथ ही, निगमायुक्त ने शहर में सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति और नाला-नालियों की सफाई को लेकर भी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल, जल यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

## व्यवसायिक उपयोग करते हुये घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत सर्किट हाउस नंबर 2 के पास घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग करते हुए एक ठेला संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 गैस सिलेण्डर एवं 1 भट्टी जप्त की है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस गश्त के दौरान गत दिवस सर्किट हाउस नंबर 2 के पास घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक इस्तेमाल कर ठेला संचालक रेलवे टेगौर कालोनी निवासी 32 वर्षीय विकास राव को गिरफ्तार कर लिया है, जो अपने ठेले में घरेलू गैस सिलेण्डर से खाना बनाकर ग्राहकों को बेच कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा था।

### इटारसी स्टेशन पर जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12160 (जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस) के समय में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन यात्रियों की सुविधा और समयबद्ध संचालन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ll श्री शशांक गुप्ता ने जानकारी दी कि यह नया समय 07 अप्रैल 2025 से प्रभावी होगा। पूर्व निर्धारित समयानुसार यह गाड़ी इटारसी स्टेशन पर रात्रि 01:20 बजे आगमन और 01:30 बजे प्रस्थान करती थी। अब संशोधित समय के अनुसार यह गाड़ी 01:15 बजे इटारसी पहुंचेगी और 01:25 बजे प्रस्थान करेगी।




### जिला उपार्जन समिति की हुई समीक्षा बैठक

# गेहूं विक्रय करने के लिए स्लॉट बुकिग प्रारंभ

जबलपुर।

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 05 मई तक किया जाना है। शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 प्रति क्विंटल तथा 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया गया है। इस प्रकार शासन द्वारा 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी की जाएगी। इस संबंध में शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के पालन में जिले में उपार्जन केन्द्रो की स्थापना की जा चुकी है। कृषको द्वारा अपनी उपज विक्रय करने के लिए स्लॉट की बुकिंग प्रांरभ कर दी गई है।



कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा आयोजित जिला उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को हिदायत दी कि उपार्जन कार्य पारदर्शी, सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से किया जाए। खरीदी केन्द्रों की स्थापना इस प्रकार की जाए कि कृषको को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होनें अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों पर समस्त भौतिक सुविधाएं तथा कृषको के लिए शेड एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कृषको एवं उपार्जन कार्य से जुड़े कर्मचारियों-अधिकारियों की सुविधा के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0761-3510012 है। यदि उपार्जन के संबंध में कोई असुविधा या मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क किया जा सकता है।

## वासंतेय नवरात्र पर्व पर धार्मिक अनुष्ठानों की धूम

# भक्तों की लगी है कतार भवानी के दरबार

**जबलपुर। वासंतेय नवरात्र पर्व पर शहर में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची हुई है। हर तरफ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे है लोग श्रद्धा और आस्था में गोते लगा रहे है। हर तरफ देवी के जयकारे गूंज रहे हैं। नौ दिनों का उपवास रखे श्रद्धालु पूजा-पाठ और उपासना में लीन हैं। शक्ति की उपासना पूरी भक्ति के साथ की जा रही है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब देवी मंदिरों में उमड़ रहा है। भजन-कीर्तन और देवी के जगराता के आयोजन भी प्रारंभ हो गये हैं। मठ मंदिरों को आकर्षक विद्युत छटाओं से सजाया गया है। श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गये हैं। नौ दिनों के उपवास रखने वाले भक्त सुबह शाम हवन पूजन और दुर्गा सप्तसती का पाठ कर रहे हैं। नगर के प्रसिद्ध देवी मंदिर देवालय, आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे हैं। मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल बना हुआ है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। आज सप्तमी पर मां देवी के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की जायेगी।**



### महाकाली का सजा दरबार, भंडारा 8 को

श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ा फाटक कालीधाम का दरबार विद्युत छटाओं से जगमगा रहा है। सुबह से लेकर रात तक पूजन अर्चन करने भक्तों का तांता लगा हुआ है। समिति की ओर से बताया गया है कि नवरात्र पर्व के समापन उपरांत मंगलवार 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। सभी भक्तों से उपस्थिति की अपील की गई हैं।

### कष्टों का निवारण करती है पंचमहाआरती



बासन्तेय नवरात्रि के पावन पर्व पर बगलामुखी सिद्ध पीठश्री शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढाताल में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद के संयोजन भगवती बगलामुखी मैया की दिव्य पंच महाआरती आयोजित हुई। इस अवसर पर पंचमहाआरती की महिमा का वर्णन करते हुए सुबुद्धानंद महाराज ने बताया कि महाआरती सभी बाधाओं का निवारण करती है,धन धान्य,पुत्र, पौत्रों से समृद्ध यश आरोग्यता को प्रदान करती है। महाआरती में आचार्य राजेंद्र शास्त्री, सुरेश अवस्थी, नर्मदा शर्मा, श्रीमती नीता पटेल, पंकज दुबे, मनोज सेन आदि उपस्थित थे।



### श्री दुर्गा हनुमान मंदिर में महाआरती आज

श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति सरस्वती कॉलोनी चेरीताल जबलपुर के तत्वावधान में चैत्र सप्तमीं तिथि पर आज 4 अप्रैल शुक्रवार को रात्रि 7.30 बजे से मंदिर में विराजित माई जगदम्बिका महारानी, प्रभु श्री हनुमन्त लाल जी की 108 दीपों से भव्य मंगल महाआरती की जायेगी। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, राजेश शर्मा, अरविंद गुप्ता, विकास चौहान, नवीन नेमा, प्रशांत गुप्ता, सुनील ताम्रकर, श्याम कोष्ठा आदि ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### माँ श्री शारदा आशीष दरबार में महाअष्टमी हवन कल

मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्ति नगर प्रांगण में माता जी के आराधक आशीष भैया के मार्गदर्शन में विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं । सभी भक्तों के लिए दिन शनिवार 5 अप्रैल को महाअष्ठमी हवन प्रातः 10:00 बजे से दोप. 2 बजे तक होगा। सभी श्रद्धालुओं से आधा घंटा पूर्व उपस्थिति की अपील समिति के अध्यक्ष- मुकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष- मिलन मुखर्जी, सचिव- जयंत, क्षीरसागर, संजय बारहा,पंडित- सुबोध मिश्रा कौशलेंद्र महाजन राजीव-आशीष दनायक, संतोष मिश्रा आदि ने की है।






## भगवान झूलेलाल एवं निषादराज जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने किया विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**जबलपुर।** समरस भारत, समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने, सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा भगवान झूलेलाल एवं निषादराज की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्वामी अशोकानंद महाराज के सानिध्य, मुख्य अतिथि ग्लोबल ग्रुप के चेयरमेन सौरभ बड़ेरिया, विशिष्ठ अतिथि पॉलिटेक्निक कॉलेज की व्याख्याता डॉ. राखी ठाकुर, सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष करतार सिंह बठीजा, संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्जवल पचौरी की उपस्थिति में महेश भवन, गोपालबाग दमोहनाका के पास किया गया। स्वामी अशोकानंद ने विचार गोष्ठी में आशीर्वचन देते हुए कहा समरसता जो शब्द है यह हमारे वेदों का शब्द है। वर्तमान में हमें समरसता की आवश्यकता पड़ रही है और इसीलिए आवश्कता पड़ रही है क्योंकि हम अपनी संस्कृति, संस्कार, परंपरा और परमात्मा को विसरा चुके हैं और इसीलिए हम आज साथ होते हुए भी दूर हो रहे हैं। आज हमने सरलता खो दी, सहजता खो दी है, हमारे परिवारों में भी टूट हो रही है, समाज में भेदभाव हो रहा है इस स्थिति को रोकने के लिए हमे अपने वेदों, शास्त्रों को पढ़ना होगा, समझना होगा, गुरुओं का सत्संग करना होगा, आध्यात्म की ओर जाना होगा, तब हम समरस समाज की स्थापना कर पाएंगे। इस अवसर पर शरदभाई पालन, कुसुम चौबे, तारु खत्री, विजय रोहाणी, सुरेश भागचंदानी, मोहन कश्यप, रमेश सोंधिया, मथुरा चौबे, सुशील चौबे, सोनू बचवानी, आभा साहू, ऋतु चौरसिया, नरेंद्र साहू, चंद्रशेखर शर्मा, निर्मल पटेल, सुरेश पांडे, मनीष यादव, प्रवीण चांवडा, प्रवीण डोंगरे सहित अन्य उपस्थित थे।

# जबलपुर में बने अंतराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम

## सांसद आशीष दुबे ने संसद में रखी मांग

जबलपुर।




लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में जबलपुर में अंतराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने का प्रश्न उठाया और जबलपुर संसदीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति,समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और युवा प्रतिभाओं की महत्ता को भी तथ्यों के साथ उठाते हुए अपनी मांग रखी।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए पहचाना जाता है,लेकिन विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं के अभाव में स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए सांसद श्री दुबे ने जबलपुर के युवाओं की खेल प्रतिभा पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा, हमारे शहर में अपार खेल प्रतिभाएं है,लेकिन एक आधुनिक स्टेडियम न होने के कारण खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण सुविधाएँ नहीं मिल पातीं या उन्हें दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। अब इसे बदलने का समय आ गया है।₹ जबलपुर महाकौशल का केंद्र तो है ही साथ ही विंध्य और बुंदेलखंड से भी सीधे जुड़ा हुआ है, भौगोलिक रूप से जबलपुर अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

श्री दुबे ने जोर देकर कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेगा, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को आकर्षित कर जबलपुर की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा, ₹जबलपुर को एक विश्वस्तरीय खेल स्टेडियम मिलना चाहिए,जहाँ अंतराष्ट्रीय क्रिकेट, फुटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा सकें। इससे पर्यटन,निवेश और शहर के सम्मान में वृद्धि होगी।

अपनी मांग को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने आंकड़ों का हवाला दिया,सांसद श्री दुबे ने कहा कि स्थानीय प्रशासन और निजी क्षेत्र भी इस परियोजना का समर्थन करने के लिए तैयार हैं, जिससे यह पहल पूरी तरह से व्यवहारिक और रणनीतिक रूप से फायदेमंद होगी।

# देवी मठों देवालयों में जल चढ़ाने लगी भक्तों की कतार

**सिहोरा।** आदिशक्ति मां जगत जननी की साधना-उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र की आज पंचमी है रोज सुबह से देवी मंदिरों में मां को जल चढ़ाने भक्तों की लम्बी कतार देखने को मिलती है ।नगर के देवी मठो बूढी माई,मां ज्वालादेवी,दुर्गा मंदिर, कंकाली मंदिर,पर्वत वासनी खेर मां,माता देवालय खडरा आदि में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। सभी देवी मंदिरों में घट जवारे की भी स्थापना के साथ अखंड ज्योति की स्थापना भी की गई है।

घरो मैं भी श्रद्वालुओं द्वारा नौ दिनो तक उपवास रखकर शेरावाली की आराधना की जा रही है ।सिहोरा में इस बार भी शिव मंदिर बाबाताल में झंकार समिति,जय ज्योति समिति आजाद चौक द्वारा माता महाकाली एंव श्री नरसिंह नवयुवक दुर्गोत्सव समिति बरा मोहल्ला खितौला बस्ती,कटरा मोहल्ला सहित अनेक स्थानों पर शारदेय नवरात्र की तरह देवी जी की प्रतिमा की स्थापना की गई है। सभी देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और मंदिर के पुजारीयों द्वारा भक्तों को अच्छे से माता के दर्शन हो इसके लिए भी व्यवस्था की गई है।



बड़ी मढ़िया में नवदुर्गा की नौ पाषाण प्रतिमाएं

200 साल पुराना मंदिर है चमत्कारों से भरा सिहोरा हाइवे सड़क मार्ग के गांधीग्राम तिराहे से पुरानी एन एच 7 सड़क मार्ग से गांधीग्राम के ह्रदयस्थल में स्थापित लगभग 200 वर्षों पुराना बड़ी मढ़िया नौ देवी मंदिर है ।जिसे गांधीग्राम के ही नायक परिवार ने बनाया था ।गांधीग्राम के बुढ़ानसागर तालाब के तल से लगभग 150 फीट ऊँचाई पर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर लोगों की आस्था व विश्वास का केंद्र है। इस मंदिर में नवदुर्गा की नव विविध स्वरूपों की। पाषाण प्रतिमाएं स्थापित उन प्रतिभाओं को नवरात्रि के समय स्वर्ण चंद्र आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। मंदिर की मान्यता है कि मां के मंदिर में जो भी भक्त जवारे कलश में जवारे बुवाई कर कलश को 9 दिवसों तक अभिसिंचित करते हैं,व नवरात्रि के अंतिम दिन जवारों को शिरोधार्य कर बुढ़ानसागर तालाब में विसर्जन कर कुछ जिवारो को मां के चरणों में चढ़ाता है ।देवी माँ उसकी समस्त मनोकामनाएं पूरी कर देती है। इस बार मन्दिर में बड़ी संख्या में जिवारे कलश बोए गए है ।जिन्हें सींचने का समिति कार्य कर रही है।

**हजारों ट्रक मिट्टी निकल गई खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन मौन**

# भेड़ाघाट में अवैध खनन पर कौन लगाएगा रोक

**भेड़ाघाट।** पुलिस थाने के चंद कदम आगे विपश्यना केंद्र और सरस्वती घाट के ऊपर से पीली मिट्टी का खनन किया जा रहा हैं। आठ दस दिनों से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है मीरगंज में प्लाटिंग का कार्य हो रहा है और बिल्डर पीली मिट्टी का 24 घंटे हाईवे की धमा चौकड़ी से पर्यटकों रहवासियों को भारी परेशानी व सामना करना पड़ रहा है। हाईवा से अवैध खनन का कार्य जोरों से चल रहा है खनिज विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं खनिज विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की मिली भगत से अवैध खनन भेड़ाघाट क्षेत्र में चल रहा है और खनिज विभाग लंबी तान कर सो रहा हैं दिनदहाड़े पुलिस थाने के सामने से हाईवा निकल रहे हैं और पुलिस प्रशासन भी अवैध खनन पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही हैं यह भी जन मानस में चर्चा का विषय बना हुआ है कि खनिज विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अवैध मिट्टी खनन पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही हैं आखिर भेड़ाघाट क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन पर प्रशासन चुप्पी क्यों साधे हैं।

## राजस्व रिकार्ड रूम होगा अपडेट

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राजस्व रिकार्ड रूम अपडेट स्थिति में होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिकार्ड रूम को व्यवस्थित करने के सभी आवश्यक उपाय करें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी श्रीमती शिवांगी जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## डॉ. रघुवंशी बने कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन के विभागाध्यक्ष

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ. रामस्वरूप रघुवंशी को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभाग का आचार्य एवं विभागाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. आर.एस.रघुवंशी कृषि अध्ययन योजना में प्रक्षेत्र अधिकारी के पद पर वर्ष 2023 से पदस्थ हैं।





## शेख मंजूर नोटरी नियुक्त

**जबलपुर।** अजीजगंज पसियाना रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड निवासी शेख मंजूर पुत्र अब्दुल मजीद को नोटरी अधिनियम के अधीन नोटरी के रूप में नियुक्त किया गया है और उन्हें नोटरी के रूप में सम्पूर्ण जबलपुर जिला न्यायालय में व्यवसाय करने के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकृत किया गया है।

## डॉ रोहित बलियानी का निधन पार्थिव शरीर मंडी शिमला भेजा गया



**जबलपुर।** डॉ रोहित बलियानी, अर्थशास्त्र विभाग, रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी, जबलपुर उम्र लगभग 49वर्ष का गुरुवार सुबह लगभग 9 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे अर्थशास्त्र विभाग में अतिथि विद्वान के रूप में लगभग 23 वर्षों से कार्य कर रहे थे। उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग से ही पूरी पढ़ाई की थी। उन्होंने प्रो.शैलेश चौबे के मार्गदर्शन में शोध कार्य भी किया था। वे मंडी, शिमला के मूलतः निवासी थे। उनके पिता जबलपुर में 4टी टी आर सिगनल में बॉक्सिंग कोच थे व सेवानिवृति के पक्षात हिमाचल के शिमला मंडी शिफ्ट हो गए थे। वे अकेले बिलहरी में निवास करते थे। वे तीन भाई थे बड़े भाई मंडी में रहते है छोटे भाई दीपक बलियानी सायना स्कूल कटनी में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। शाम चार बजे एम्बुलेंस से मंडी, शिमला भेजा गया। जहां पर उनकी अन्त्येष्टि होगी।

## निधन

**श्री सत्य नारायण विश्वकर्मा-** मनगवां रीवा निवासी श्री सत्य नारायण विश्वकर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रुक्मणी विश्वकर्मा-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री भूरे लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी विश्वकर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जनार्दन सिंह-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री जनार्दन सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश चौधरी-** दमोहनाका प्रताप धर्मकांटा के पास निवासी श्री गोविंद चौधरी के पुत्र श्री महेश चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मिट्ठू लाल-** राजीव गांधी नगर सदर कैंट निवासी श्री मिट्ठू लाल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हीरा बाई दहायत-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राम सजीवन दहायत की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई दहायत (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता कुशवाहा-** बगीचा नं. 79, सदर निवासी श्री सुशील कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता कुशवाहा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती त्रिवेणी देवी रैकवार-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री प्रेम लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिवेणी देवी रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रीति कुसुम मिश्रा-** गली नं. 2, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री मदन मोहन मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति कुसुम मिश्रा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन लाल चौधरी-** खिन्नी मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री जीवन लाल चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मुन्नू लाल साहू-** गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री मुन्नू लाल साहू (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुधीर गोंटिया-** राधाकृष्णन वार्ड मरही माता के निकट निवासी श्री गन्नू लाल गोंटिया के पुत्र श्री सुधीर गोंटिया (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सचिन समुंद्रे-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री शंकर समुंद्रे के पुत्र श्री सचिन समुंद्रे (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्कवायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**भगवान श्रीराम पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी**

# जॉय स्कूल के संचालक मैबन पर एफआईआर दर्ज करने विहिप सिहोरा ने सौंपा ज्ञापन

सिहोरा। विजय नगर स्थित जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मैबन द्वारा विगत दिनो भगवान श्रीराम एंव हिन्दू समाज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से सभी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। जिसको लेकर विश्व हिन्दू परिषद सिहोरा जिला इकाई द्वारा बस स्टेंड में रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया एंव एफआईआर दर्ज करने पुलिस अधीक्षक के नाम जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा एंव जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 1 अप्रैल को जाँय स्कूल विजय नगर के संचालक अखिलेश मैंबन के द्वारा हमारे आराध्य भगवान श्रीराम के लिए एवं समस्त हिन्दू समाज के विरुद्ध सोसल मीडिया में अपमान एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई और इन्हीं के ईसाई समुदाय से आने वाले लोगों ने इसे शेयर भी किया जिसका विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। आपत्तिजनक टिप्पणी करने बाले अखिलेश मैबन के ख़िलाफ़ प्रथम सूचना रिपोर्ट बिजय नगर जबलपुर थाने में दर्ज की गई है जिसमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गयी है। विश्व हिंदू परिषद शासन प्रशासन से यह मांग करता है की इस प्रकार आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति का आपराधिक रिकॉर्ड भी है। इसी तरह अखिलेश द्वारा अपना घर भी अवैध रूप से बनाया गया है। उसकी जांच करने के साथ उस पर रासुका की कार्रवाई भी की जाये। एवं इसके साथ में डेविड जॉर्ज, अरविंद एंड्रयू, क्रिस्टोफर एंथोनी, इसाक चौरे (बॉबी) द्वारा टिप्पणी को शेयर करके फेसबुक पर पोस्ट करने की भी जांच करने के साथ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए अन्यथा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एंव बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद जिला इकाई सिहोरा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### बजाज ऑटो की बिक्री में एक फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की मार्च में निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 3,69,823 इकाई हो गई। मार्च 2024 में उसने 3,65,904 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बृहस्पतिवार पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री 2,21,474 इकाई पर स्थिर रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,20,393 इकाई थी।

### फोर्टिस हेल्थकेयर ने 200 करोड़ में पाया ट्रेडमार्क



**नई दिल्ली।** उसने 200 करोड़ रुपये की बोली लगाकर नीलामी के जरिये फोर्टिस ट्रेडमार्क हासिल किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर, 2024 के आदेश के जरिये सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से 'फोर्टिस'' ट्रेडमार्क और संबद्ध चिह्नों की बिक्री का आदेश दिया था। यह आदेश उच्चतम न्यायालय के 22 सितंबर, 2022 के फैसले के अनुसार था।

### हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 5,49,604 इकाई हो गई। कंपनी ने मार्च, 2024 में 4,90,415 वाहन बेचे थे। हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री मार्च में 5,10,086 इकाई रही जो मार्च, 2024 के 4,59,257 इकाई के आंकड़े से 11 प्रतिशत अधिक है।

### सेबी ने एचडीएफसी बैंक को दिया चेतावनी पत्र



**नई दिल्ली।** सेबी ने एचडीएफसी बैंक को नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने को लेकर चेतावनी पत्र जारी किया। बैंक के कामकाज के समय-समय पर होने वाले निरीक्षण के बाद, सेबी ने कुछ नियामकीय दिशानिर्देशों का कथित तौर पर अनुपालन नहीं करने के लिए एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया है।

### विपुल के राइट्स इश्यू को 180 फीसदी अभिदान



**नई दिल्ली।** विशेष रसायन कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स के राइट्स इश्यू को अंतिम दिन बुधवार तक 180 प्रतिशत अभिदान मिला है। कंपनी का राइट्स इश्यू 21 मार्च को खुला था। राइट्स इश्यू में 10 रुपये अंकित मूल्य के 44,37,291 शेयर 46 रुपये प्रति शेयर (36 रुपये प्रति शेयर प्रीमियम सहित) की दर से पेश किए गए, जिनकी कुल कीमत 2041.15 लाख रुपये थी।

### पीएनबी की ऋण वृद्धि मार्च तिमाही में 13.6 प्रतिशत



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने कहा कि उसने मार्च तिमाही में 13.6 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान उसका ऋण बढ़कर 11.17 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पीएनबी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 31 मार्च, 2024 के अंत में उसका कुल अग्रिम 9.83 लाख करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के अंत में बैंक की कुल जमा 13.69 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 14.3 प्रतिशत बढ़कर 15.65 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

# भरना है इनकम टैक्स तो पहले जान लें क्या है आईटीआर का नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आईटीआर प्रक्रिया में सही इनकम टैक्स रिटर्न फार्म की पहचान करना जरूरी

आयकर रिटर्न ( आईटीआर ) दाखिल करने का समय आ गया है। हर साल की तरह, सैलरीड कर्मचारी सहित सभी टैक्सपेयर वर्तमान में उपलब्ध सात आईटीआर फॉर्म में से किसी एक का इस्तेमाल करके अपना टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। अभी के समय में, विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर टैक्स देने वालों के लिए 7 आईटीआर फॉर्म उपलब्ध हैं। आईटीआर फाइलिंग प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा सही आईटीआर फॉर्म की पहचान करना जरूरी है। आपकी आय के लिए कौन सा इनकम टैक्स रिटर्न सही है। इस खबर के माध्यम से बताने जा रहे हैं कि आईटीआर फॉर्म भरते समय आपको कौन सा फॉर्म सलेक्ट करना है।

### आईटीआर फॉर्म क्या है?

इनकम टैक्स रिटर्न यानी आईटीआर एक प्रकार का फॉर्म होता है, जिसमें आपकी इनकम की सभी जानकारी भरी होती है। इस फॉर्म का इस्तेमाल औसत सैलरीड कर्मचारियों या निवासियों द्वारा किया जा सकता है जिनकी कुल आय वेतन/पेंशन, एक मकान संपत्ति और अन्य स्रोतों से 50 लाख रुपए तक है।

## सात आईटीआर फार्म में से किसी एक का उपयोग करते हैं

### आईटीआर 1 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है?

आईटीआर-1 फॉर्म का इस्तेमाल वह व्यक्ति नहीं कर सकता जिसकी भारत से बाहर संपत्ति है या जो विदेश से आय अर्जित कर रहा है। साथ ही, जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय 50 लाख रुपए से अधिक है, वे इस फॉर्म का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कृषि से 5,000 रुपए से अधिक की वार्षिक आय वाले लोगों को आईटीआर 1 दाखिल करने की अनुमति नहीं है।




*आईटीआर 2 कौन दाखिल कर सकता है? :* आईटीआर 2 फॉर्म ऐसे व्यक्ति या एचयूएफ भर सकते हैं जिनकी आय व्यवसाय या किसी पेशे से होने वाले लाभ या लाभ के आइटम में नहीं है। एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख रुपए से अधिक आय वाले व्यक्तियों और एचयूएफ को यह फॉर्म भरना चाहिए।

*आईटीआर 2 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है? :* वो व्यक्ति या एचयूएफ, जिनकी साल की कुल आय में व्यापार या पेशे से प्राप्त लाभ है, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, वे टैक्स देने वाले लोग जिनकी आय ब्याज, वेतन, बोनस आदि से होती है। वे जो साझेदारी फर्म से कमीशन या पारिश्रमिक से आय अर्जित करते हैं, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं करेंगे।

*सरकार ने आईटीआर 2 फॉर्म में क्या बदलाव किए हैं? :* नया अपडेट 25 मार्च 2025 को लांच किया गया था। यह धारा 139 (8ए) के तहत संशोधित रिटर्न दाखिल करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यक्ति आवश्यकता पड़ने पर अपने रिटर्न में सुधार कर सकते हैं। इससे सैलरीड कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और अन्य गैर-व्यावसायिक करदाताओं को रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है।


## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

# भारत के झींगा, कालीन और स्वर्ण आभूषण क्षेत्र पर अमेरिकी शुल्क का सबसे ज्यादा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारत के झींगा मछली, कालीन, चिकित्सा उपकरण और स्वर्ण आभूषण जैसे निर्यात क्षेत्रों पर अमेरिका द्वारा बुधवार को घोषित 27 प्रतिशत शुल्क का असर देखने को मिलेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और फार्मा जैसे निर्यात क्षेत्र अमेरिका में अपने प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले थोड़ी बेहतर स्थिति रहेंगे।*







- भारत अमेरिका में प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में
- अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने लगाया गया शुल्क
- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने नई शुल्क नीति घोषित की गई

दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई शुल्क नीति की घोषणा की। घोषणा में सभी आयातित वस्तुओं पर एक सार्वभौमिक 10 प्रतिशत शुल्क शामिल है, जो पांच अप्रैल से प्रभावी होगा। वहीं नौ अप्रैल से 27 प्रतिशत का शुल्क लागू होगा।

### शुल्क से 60 से अधिक देश प्रभावित

अमेरिका द्वारा घोषित उपायों से 60 से अधिक देश प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका घरेलू झींगा मछली उद्योग का सबसे बड़ा बाजार है। अधिक शुल्क के कारण अब झींगा मछली, अमेरिकी बाजार में काफी कम प्रतिस्पर्धी रह जाएगी। अमेरिका ने पहले से ही भारतीय झींगा पर डंपिंग-रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लगा रखा है। भारत के कुल झींगा निर्यात में से 40 प्रतिशत अमेरिका को भेजा जाता है।

### भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर व इंडोनेशिया

अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्यातकों के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर और इंडोनेशिया हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जमे हुए झींगा का निर्यात 7,16,004 टन था। पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका ने 2,97,571 टन आयात किया, उसके बाद चीन (1,48,483 टन), यूरोपीय संघ (89,697 टन) और जापान (35,906 टन) का स्थान रहा।

### अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक

अमेरिका को ब्लैक टाइगर झींगा का निर्यात मात्रा के लिहाज से 35.37 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 32.35 प्रतिशत बढ़ा है। इसी तरह, अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह करीब दो अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारत ने वैश्विक स्तर पर 32.85 अरब डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए, जिसमें अमेरिका का हिस्सा 30.28 प्रतिशत (10 अरब डॉलर) था।

*भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने व चांदी का किया निर्यात : वर्ष 2024 में, भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने और चांदी का निर्यात किया। इसमें 13.32 प्रतिशत का शुल्क अंतर है। देश तराशे और पॉलिश किए गए हीरे, जड़े हुए सोने के आभूषण, सादे सोने के आभूषण, प्रयोगशाला में तैयार किये गए हीरे और चांदी के आभूषणों सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े आभूषण निर्यात बाजारों में से एक है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।''*

### चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में चुनौतियां पैदा हो सकती है

एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री (एआईएमईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने से इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात 71 करोड़ 43.8 लाख डॉलर का था, जबकि अमेरिका से भारत में आयात काफी अधिक 1.52 अरब डॉलर का था।

### भारत के प्रतिस्पर्धी देशों पर उच्च शुल्क लगाया गया

सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत के लिए शुल्क में भारी वृद्धि के बावजूद, यह प्रथम दृष्टया परिधान क्षेत्र के लिए भारत के लिए लाभ का मामला प्रतीत होता है, क्योंकि भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, कंबोडिया और श्रीलंका पर अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाया गया है।

# सोना 94,350 रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चांदी 1,000 रुपए टूटी
- सोने में 200 रुपए की तेजी

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी की कीमत बुधवार के बंद स्तर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये टूटकर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''जवाबी शुल्क के प्रभाव से सुबह के सत्र में सोने में शुरुआती तेजी देखी गई, लेकिन जल्द ही कीमतों में मुनाफावसूली का दौर शुरू हो गया।'' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 43.39 डॉलर या 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,089.64 डॉलर प्रति औंस रह गया। बुधवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 60 से अधिक देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद यह 3,167.71 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के शुल्क निर्णय के बाद जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ने से सोना 3,167 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

### बाजार का ध्यान बेरोजगारी व पीएमआई आंकड़ों पर

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा कि इसके अलावा, बाजार का ध्यान साप्ताहिक अमेरिकी बेरोजगारी दावों और बृहस्पतिवार को देर से जारी होने वाले सेवा पीएमआई आंकड़ों पर रहेगा, जो बढ़ते व्यापार तनाव के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में और जानकारी दे सकते हैं।

# ट्रंप की शुल्क घोषणा से सेंसेक्स 322 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली
- वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार में रहा नुकसान

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 322 अंक टूट गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत समेत 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली तथा वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 322.08 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,295.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 809.89 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में औषधि शेयरों में तेजी से बाजार नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.25 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,250.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी एक समय 186.55 अंक तक लुढ़क गया था। भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है, ऐसे में अब देश के व्यापार घाटे को कम करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था।

### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा स्टील के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट आई।

### ये शेयर रहे लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावरग्रिड, सन फार्मास्युटिकल्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, टाइटन, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक शामिल है।

## रिलायंस आंध्र प्रदेश में सीबीजी संयंत्र लगाएगी...



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह आंध्र प्रदेश में 500 'कॉम्प्रेस्ड बायोगैस' संयंत्र स्थापित करने में 65,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इनमें से पहले संयंत्र का शिलान्यास हो चुका है। कंपनी ने बयान में कहा कि आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश ने राज्य के प्रकाशम जिले के कनिगिरी में पहले रिलायंस कॉम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र की आधारशिला रखी। रिलायंस ने कहा, ''यह परियोजना 139 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ विकसित की जा रही है। यह आंध्र प्रदेश के लिए 65,000 करोड़ रुपये के कुल पूंजी व्यय से 500 संयंत्र लगाने की दिशा में पहला संयंत्र है। संयंत्र को नवीन प्रौद्योगिकी के साथ विकसित किया जाएगा और इसमें बायोगैस का उत्पादन करने के लिए बंजर और बेकार जमीन पर उगाई जाने वाली नेपियर यानी लंबी घास (हाथी घास) का उपयोग किया जाएगा।

# रुपया शुरुआती नुकसान से उबरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- 22 पैसे चढ़कर 85 .30 प्रति डॉलर
- विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर हुआ कमजोर

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे के उछाल के साथ 85.30 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। ऐसा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने के बाद विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने के कारण हुआ। शुरुआती कारोबार में घरेलू मुद्रा को झाटका लगा लेकिन जल्द ही इसने अपनी खोई जमीन फिर हासिल कर ली और दिन का अंत में यह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत, अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च आयात शुल्क लगाता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बेहतर स्थिति में है।

# ओला इलेक्ट्रिक की उसी दिन पंजीकरण व डिलीवरी सुविधा

- पंजीकृत वाहनों पर कुछ ही घंटों में घर जा सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




ओला इलेक्ट्रिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने वाहनों के उसी दिन पंजीकरण और डिलिवरी की पहल शुरू की है। बेंगलुरू स्थित फर्म ने बयान में कहा, ''हाइपरडिलिवरी का प्रायोगिक दौर, बेंगलुरु में शुरू हुआ है और इस तिमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में इसका विस्तार किया जाएगा।''

ग्राहक अब अपनी खरीदारी ऑनलाइन या ओला इलेक्ट्रिक स्टोर पर पूरी कर सकते हैं और अपने पूरी तरह से पंजीकृत वाहनों पर कुछ ही घंटों में घर जा सकते हैं। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ''हमने एआई-आधारित स्वचालन के माध्यम से और पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से आंतरिक करके वाहनों के पंजीकरण के प्रसंस्करण समय में काफी कमी की है।' प्रवक्ता ने कहा, ''इसके साथ हम अपने ग्राहकों के लिए बहुत ही सहज खरीदारी अनुभव सुनिश्चित कर रहे हैं, थकाऊ खरीद प्रक्रियाओं और लंबी डिलिवरी समयसीमा को खत्म कर रहे हैं।''

# रियल एस्टेट क्षेत्र में 1.3 अरब डॉलर का संस्थागत निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट
- संस्थागत निवेशकों ने ऊंची छलांग लगाई

भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश ने ऊंची छलांग लगाई है। जनवरी-मार्च की तिमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 31 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया।

कोलियर्स इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 31 प्रतिशत बढ़ा है। इसमें मुख्य रूप से घरेलू निवेश का योगदान रहा है। मार्च तिमाही में कुल प्रवाह में घरेलू निवेश का हिस्सा 60 प्रतिशत रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान घरेलू निवेश 80 करोड़ डॉलर रहा, जो सालाना आधार पर 75 प्रतिशत की वृद्धि है। घरेलू निवेश मुख्य रूप से औद्योगिक और गोदाम और कार्यालय खंड पर केंद्रित रहा।

### निवेशक भरोसा दिखा रहे

कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बादल याग्निक ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र को लेकर संस्थागत निवेशक लगातार भरोसा दिखा रहें हैं। यह वृद्धि रियल स्टेट क्षेत्र की जुझारू क्षमता और ऐसे अवसरों को प्रदर्शित करती है, जिनका अभी तक दोहन नहीं हो सका है।

## अनिवार्य सुरक्षा मानदंड़ों को पूरा करना जरूरी है कंपनियों को

# बढ़ती लागत की वजह से दाम बढ़ा रही कार कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सभी संस्करणों में छह एयरबैग जैसी सुविधा लागू की गई

अनिवार्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चे माल की बढ़ती लागत के साथ-साथ सभी संस्करणों में छह एयरबैग जैसी सुविधाओं के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती पसंद के कारण कार विनिर्माता सुस्त मांग के बावजूद कीमतों में बढ़ोतरी कर रहे हैं।

उद्योग जगत के दिग्गजों ने यह बात कही है। अग्रणी ब्रांड मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को आठ अप्रैल से विभिन्न मॉडल की कीमतों में 2,500-62,000 रुपये तक की वृद्धि करने की घोषणा की है। इस साल यह उसकी दूसरी वृद्धि है। मारुति सुजुकी इंडिया ने इससे पहले एक फरवरी से विभिन्न मॉडल की कीमतों में 32,500 रुपये तक की वृद्धि की थी।

### कच्चे माल की लागत में वृद्धि भी बड़ा कारण

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम पावाह ने कहा, "हम हर तिमाही में इसकी समीक्षा करते हैं और विनिमय दर तथा कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण हम कीमतों में संशोधन करते हैं। हमने अप्रैल में भी कुछ विशेष मॉडल पर तीन प्रतिशत तक की मामूली मूल्यवृद्धि की थी।"



*सीट बेल्ट व पीछे की सीटों को मजबूत किया गया : उद्योग के जानकारों के अनुसार, 3-पॉइंट ईएलआर सीट बेल्ट और सामान रखने के लिए पीछे की सीटों को मजबूत बनाने जैसी सुरक्षा आवश्यकताओं के कारण भारत में यात्री वाहनों की लागत बढ़ गई है। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा, "इसके अलावा, विभिन्न संस्करणों में छह एयरबैग जैसे अधिक सुरक्षा खूबियों की उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के कारण भी इसकी लागत बढ़ गई है।"*

*वृद्धि एक से दो फीसदी के दायरे में रहेगी : कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब उद्योग में बिक्री में सुस्ती देखी जा रही है और चालू वित्त वर्ष (2025-26) में वृद्धि एक से दो प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है।*

### सुस्ती के बावजूद कीमतें बढ़ाई गई

इसी तरह, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने इस महीने से चुनिंदा मॉडल पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। हुंडई, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया और होंडा कार्स ने भी अप्रैल से वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। पूरे यात्री वाहन बाजार में सुस्ती के बावजूद कीमतों में वृद्धि करने के सवाल पर मारुति सुजुकी इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, "कीमतों में वृद्धि पूरी तरह से नियामकीय बदलावों के कारण कच्चे माल की लागत के चलते की गई है। आंशिक रूप से ऐसी लागत का बोझ ग्राहकों पर डाला गया है।"

### होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री मार्च में 11 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 4,27,448 इकाई हो गई। कंपनी ने मार्च, 2024 में 3,86,455 वाहन बेचे थे। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने कहा, उसने पिछले महीने घरेलू व निर्यात बाजारों में क्रमशः 4,01,411 और 26,037 वाहन बेचे। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए में कंपनी की बिक्री 58,31,104 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की 48,93,522 इकाई की बिक्री से 19 प्रतिशत अधिक है। इसमें 53,26,092 वाहनों की की घरेलू बिक्री और 5,05,012 वाहनों का निर्यात शामिल है।

## चिंतन

# भारत के लिए आपदा में अवसर है ट्रंप का टैरिफ

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है तो पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर ट्रंप ने 37 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने 180 से ज्यादा देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है और लगभग सभी देशों ने इससे निपटने की तैयारी भी कर ली है। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया तो बाकायदा इसके लिए आपसी गठजोड़ बनाने का ऐलान भी कर चुके हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अमेरिका फर्स्ट की और बढ़ता कदम बता रहे हैं, वहीं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह खुद अमेरिका के लिए घातक कदम होगा। न्यूयॉर्क के एक इन्वेस्टमेंट बैंक एवरकोर का अनुमान है कि अमेरिका में औसत टैरिफ दर बढ़कर 29 फीसदी हो गई है। बजट लैब की एक रिसर्च के अनुसार 1800 के दशक के अंत में टैरिफ 30 फीसदी से ज्यादा था, तब से अब तक यह सबसे ज्यादा है। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस कदम से 2025 में अमेरिका में मंदी आने की संभावना बढ़ गई है। अनेक देश जवाबी कदम उठा सकते हैं और अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार युद्ध की स्थिति बन सकती है। हालांकि, ट्रंप कह रहे हैं कि यह टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करेगा। जहां तक भारत की बात है तो ट्रंप के इस कदम को देश के लिए कुछ नुकसान तो कुछ फायदे का माना जा रहा है। इस फैसले से भारतीय वस्त्र उद्योग को नुकसान होने की बजाय फायदा हो सकता है। अमेरिका ने वियतनाम, बांग्लादेश और चीन से आने वाले कपड़ों पर भारी टैक्स लगाया है। वियतनाम से आने वाले कपड़ों पर 46, बांग्लादेश पर 37 और चीन पर 34 फीसदी टैक्स लगाया गया है। इसके मुकाबले भारत को कम टैक्स देना पड़ रहा है, जिससे भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को फायदा मिल सकता है। हालांकि, भारतीय टेक्सटाइल उद्योग का योगदान देश की जीडीपी में केवल 2 फीसदी है, जबकि बांग्लादेश के लिए यह 11 और वियतनाम के लिए 15 प्रतिशत है। भारत अमेरिका को मुख्य रूप से दवाएं, टेलीकॉम उपकरण, रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम उत्पाद, सोना और सूती वस्त्र बेचता है। अमेरिका भारत से इन सामानों की बड़ी मात्रा में खरीदारी करता है, जिससे भारतीय उद्योगों को अच्छी कमाई होती है। दूसरी ओर, भारत अमेरिका से कच्चा तेल, कोयला, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और एयरोस्पेस से जुड़े उपकरण खरीदता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संतुलन में हमेशा असमानता रही है, क्योंकि भारत अमेरिका को ज्यादा सामान बेचता है और वहां से कम सामान खरीदता है। इस नए टैक्स का सबसे ज्यादा असर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण उद्योग पर पड़ेगा। अमेरिका हर साल भारत से लगभग 14 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स और 9 अरब डॉलर के गहने और रत्न खरीदता है। अब 27 फीसदी टैक्स लगने से भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिका में अपने उत्पाद बेचना महंगा हो जाएगा। इससे निर्यात में गिरावट आ सकती है और इन उद्योगों में काम करने वाले लाखों लोगों की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। ट्रंप के फैसले से पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग पर भी संकट हो सकता है। हालांकि भारत की स्थिति बेहतर है। यह आपदा में अवसर जैसा है। हम चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम के अमेरिका निर्यात को अपने पाले में ला सकते हैं, जिससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## विमर्श


विनोद पाठक



# क्या योगी आदित्यनाथ दे रहे कोई संकेत!

भाजपा समर्थक अक्सर यह नारा देते हैं कि मोदी के बाद योगी। नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ को देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक बड़ा वर्ग प्रोजेक्ट करता आ रहा है। पिछले 8 साल से योगी आदित्यनाथ आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे हैं। कानून-व्यवस्था के साथ विकास के एक नए मॉडल के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश को पेश किया है, लेकिन अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने पर एक साक्षात्कार में योगी आदित्यनाथ ने यह कहते हुए सबको चौंका दिया कि राजनीति उनके लिए महज एक कोई फुल टाइम जॉब नहीं है, असल में वह एक योगी हैं, जब तक वह यहां हैं, काम कर रहे हैं। आखिर इस बयान के पीछे योगी आदित्यनाथ की क्या मंशा हो सकती है? यह सत्य है कि वह गोरखनाथ मठ के गोरक्षपीठाधीश्वर हैं और अक्सर लखनऊ छोड़कर गोरखपुर में अपने मठ चले जाते हैं। यह सिलसिला उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है। उनका यह बयान क्या उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे समर्थकों के लिए एक झटका है या भारतीय जनता पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी खींचतान या वो संघ और पार्टी को कोई संकेत दे रहे हैं? वर्तमान में योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का बड़ा चेहरा है। फायर ब्रांड नेता हैं। देशभर में भाजपा उन्हें प्रचार के लिए भेजती है और उनकी सबसे अधिक डिमांड रहती है। अपने सख्त प्रशासनिक कौशल को लेकर उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। यही कारण है कि वह उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बहुमत की सरकार चला रहे हैं। वह जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं, लेकिन क्या ऊपर से जो दिख रहा है, वो उतना सरल है? शायद नहीं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर यदि नजर दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा धक्का लगा था। यह माना गया कि योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए पार्टी के भीतर ही राजनीतिक खेल चले और प्रदेश में पार्टी की सीटें सिमटकर रह गईं। योगी आदित्यनाथ के सुझाए नेताओं को टिकट नहीं मिला। आदित्यनाथ का एक लंबा राजनीतिक करियर है। वर्ष 1998 में महज 26 साल की उम्र में वह गोरखपुर से सांसद चुनकर लोकसभा में पहुंचे थे। उन्होंने लगातार पांच लोकसभा चुनावों में गोरखपुर से जीत हासिल की। उनका अंदाज आज भी नहीं बदला है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि योगी आदित्यनाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी का रुख क्या है? आज उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य न होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पिछले दिनों प्रयागराज में सफल महाकुंभ मेले के आयोजन बाद योगी आदित्यनाथ की फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने की बात कह रहे हैं। अपराध मुक्त और समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना दिखाकर योगी आदित्यनाथ दिल्ली की कुर्सी पर नजर रखते हैं, ऐसा उनके विरोधी भी मानते हैं। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव में एक साक्षात्कार में कहा था कि यदि योगी आदित्यनाथ दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते हैं तो वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। उनके आलोचक कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की रुचि लखनऊ से अधिक गोरखपुर के गोरखनाथ मठ में रहती है। क्या यह माना जाए कि योगी आदित्यनाथ कोई संकेत दे रहे हैं? क्या उत्तर प्रदेश या कहें कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में कुछ उथल-पुथल चल रही है, जो बाहर से नहीं दिख रही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर में संघ मुख्यालय गए थे। वहां क्या चर्चा हुई? यह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन योगी आदित्यनाथ का यह बयान उसके बाद ही आया है। हालांकि, योगी आदित्यनाथ संघ के हर पैमाने पर फिट बैठते हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। शासन चलाने का कौशल वह जानते हैं। हिंदुत्व का बड़ा चेहरा हैं। क्या यह मान लिया जाए कि योगी आदित्यनाथ ने यह जो बयान दिया है, वो महज अकस्मात है। वह केवल यह बता रहे हैं कि जब तक उन्हें दायित्व मिलता रहेगा, वह राजनीति करते रहेंगे।फिलहाल उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को विपक्ष की ओर से कोई बहुत बड़ी चुनौती मिलती नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार फिर विपक्ष से दो-दो हाथ करते हुए नजर आने वाले हैं। आज की तारीख में वह बेहद मजबूत स्थिति में नजर आते हैं। स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ राजनीति को भले फुल टाइम जॉब न कहें, लेकिन उन्होंने पार्टी और संघ को इशारों में कुछ संकेत जरूर दिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



भारतीय सभ्यता

अखिलेश आर्येन्दु

# झूठा इतिहास सुधारने में 70 साल लगे

> अंग्रेज इतिहासकारों के जरिए भारतीय इतिहास लेखन की निष्पक्षता और शुद्धता को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते रहे हैं। अंग्रेजी राजसत्ता ने 19वीं शताब्दी में इतिहास के नाम पर इस तरह के षड्यंत्र, शरारत और मकड़जाल बुने जिससे यह साबित किया जा सके कि बहुसंख्यक हिन्दू (आर्य) यहां के मूल निवासी नहीं हैं बल्कि ये बाहर से आए हुए हैं। आर्य बाहर से आए थे या भारत के निवासी थे? इस सवाल का जवाब मिल गया है। हिसार जिले के राखीगढ़ी में हुई हड़प्पाकालीन सभ्यता की खुदाई में कई रहस्यों और भ्रम से पर्दा उठ गया है। राखीगढ़ी में मिले 500 साल पुराने कंकालों के अध्ययन के बाद जारी की गई रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्य यहीं के मूल निवासी थे।

किसी देश या जाति का इतिहास बदलकर उसकी संस्कृति, सभ्यता, भाषा जैसे तमाम क्षेत्रों की मौलिकता और सच्चाई को बदला जा सकता है। यदि किसी देश के लोगों को मानसिक रूप से गुलाम बनाए रखना है तो इतिहास बदलने से उत्तम कोई हथियार नहीं है। भारत की गौरवमयी सभ्यता, संस्कृति, अस्मिता और भाषा के साथ भी अंग्रेजों ने यही किया। इतिहास लेखन के नाम पर साम्प्रदायिकता फैलाने और देश के नागरिकों को मानसिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, भाषाई और शिक्षा के क्षेत्र में गुलाम बनाए रखने के लिए जैसी मनमानी अंग्रेज इतिहासकारों ने किया।

अंग्रेज इतिहासकारों के जरिए भारतीय इतिहास लेखन की निष्पक्षता और शुद्धता को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते रहे हैं। अंग्रेजी राजसत्ता ने 19वीं शताब्दी में इतिहास के नाम पर इस तरह के षड्यंत्र, शरारत और मकड़जाल बुने जिससे यह साबित किया जा सके कि बहुसंख्यक हिन्दू (आर्य) यहां के मूल निवासी नहीं हैं बल्कि ये बाहर से आए हुए हैं। उस समय का प्रसिद्ध जर्नल रायल पुरातत्त्व एशियाटिक सोसायटी जर्नल लंदन स्थित जिसका प्रकाशन भारतीय इतिहास तथा कालक्रम के मुताबिक ज्यादातर हिस्सा नागपुर से प्रकाशित हुआ था, में लिखा है कि सामान्य भारतीयों को भ्रमित करने के मकसद से आर्य-द्रविड़ जातियों के सिद्धांत की कल्पना लंदन की रायल एशियाटिक सोसायटी के बंद कमरे में 9 अप्रैल 1866 की सभा में की गई। इसे हर उस भारतीय को जानना चाहिए जो आर्य-द्रविड़ विभाजन के इतिहास को सच मानते हैं। इसके मुताबिक मिस्टर एडवर्ट टामस ने कहा 'आक्सस नदी से आर्यन आक्रामकों की लहरें अरियानिया प्रान्त तथा हिंदू कुश मार्ग से नीचे उतरीं। वे सबसे पहले पंजाब पहुंचे। उन्होंने सरस्वती नदी के किनारे ब्राह्मण संस्थाएं बनाईं और तक्षशिला में जाकर संस्कृत व्याकरण का निर्माण किया। जो वर्णमाला उन्होंने अरियानी प्रान्त में पणि (फिनीशिय़न) लोगों से हासिल की थी, उसका विस्तार करने में उन्हें भोजपत्रों को हासिल करने से बहुत मदद मिली। बाद में यह लिपि उत्तर भारत के राज्यों में चलती रही। जब उसे अधिक विश्वासनीय और योग्य स्थानीय लिपि पाली लिपि ने जैसा कि अशोक के शिलालेखों तथा लाट लेखों से सिद्ध होता है, जिससे ईसा पूर्व 250 के समय की लिपि भारतीय उपखंड में प्रस्थापित हुई या प्रचलित हुई तो आर्य लोग अपनी भाषा के लिए कोई लिपि न खोज सके। वे जिस प्रान्त के सम्पर्क में आए उसी से उन्होंने अपना काम चलाया। इस तरह पुरानी संस्कृत की जगह नई संस्कृत आई। उसके लिए उन्होंने देवनागरी लिपि बनाई जो पूर्व में तुराणी उप-भाषाओं की मूललिपि थी। अंग्रेज ईसाइयों का यह ऐसा तथाकथित अनुसंधान था जिसका कोई तथ्य तर्क और प्रमाण दुनिया के किसी पुस्तक, जर्नल या सभ्यता में नहीं मिलता है। इसी तरह दक्षिण भारतीयों को अलग इकाई मानने की कल्पना की शुरुआत ईस्वी सन् 1700 के आस-पास फ़ादर बार्थलोम्य जिगेलवर्ग ने किया। उसकी पुष्टि आर्य जाति की कल्पना के जनक एडवर्ट टामस ने 1766 में की। लेकिन उस द्रविड़ शब्द की कल्पना नहीं हुई थी। 150 सालों तक द्रविड़ भाषा या वंश के अस्तित्व का कोई प्रमाण नहीं मिला। अब यह प्रमाणित हो गया है कि यह



ईसाई पादरी भाषा शास्त्रियों की कल्पना और शरारत है। लेकिन इससे पादरियों को तमिल लोगों में अलगाव की भावना को उभारने में बड़ी सफलता मिली है। उत्तर व दक्षिण के विभाजन के शरारती मकसद से दक्षिण वालों के दिमाग में उन्होंने यह बिठा दिया कि उत्तर वाले हिंदीभाषी लोग तुम्हारे परम्परागत दुश्मन हैं जिन्होंने तुम पर अनेक तरह के अत्याचार करके तुम्हें दक्षिण की तरफ धकेल दिया। शुरू से ही पादरी इस कोशिश में लगे रहे कि किस तरह उत्तर और दक्षिण भारतीयों में नफरत की आग धधकाई जाए। मेरी यह बात इससे भी सिद्ध होती है कि 1876 में बम्बई के गवर्नर लार्ड री ने प्रिंस आफ़ वेल्स के सामने ईसाई मिशनरियों का शिष्टमंडल मिला। उसने लार्ड से कहा-जितना काम आप के सिपाही, जज, गवर्नर आदि सब मिलकर नहीं कर रहे, उससे कहीं ज्यादा काम वे पादरी कर रहे हैं। द्रविण एक जाति और संस्कृति के रूप में इतिहास का एक ऐसा हिस्सा स्थाई रूप से निर्मित किया गया जो भारत की अखंडता को तार-तार करने के रूप में सामने आया।

द्रविड़ शब्द गढ़कर दक्षिण उत्तर (आर्य-द्रविण) में विभाजन की अमिट रेखा खींच दी गई। लेकिन वहीं दूसरी तरफ भाषाशास्त्री जार्ज ग्रीयरसन ने साफ-साफ लिखा कि यह द्रविड़ शब्द खुद संस्कृत शब्द द्रमिल या दमिल का बिगड़ा रूप है और महज तामिल के लिए इस्तेमाल होता है। एनसीआरटी और आरटी में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रमणकारी नहीं बल्कि भारतीय मूलनिवासी के रूप में जाने जाएंगे। 21 साल की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद अंततः यह तय हो गया कि आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रम में शामिल करने का श्रेय भी राखीगढ़ी मैन के नाम से प्रसिद्ध प्रो. वसंत शिंदे को जाता है। इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ईंट, मोती और हड्डियां, हड़प्पा नामक पाठ में आर्य सभ्यता के भारतीय होने सम्बंधी संशोधन कर किए गए हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी की कक्षा 7,8,10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। आर्यों के भारतीय होने सम्बंधी पहला शोध स्टैनफोर्ड युनिवर्सिटी के टॉमस कीवीशल्ड ने किया था।

2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्नूमन जेनेटिक में प्रकाशित इस शोध में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के जीन के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में बीएचयू के पूर्व कुलपति स्व. प्रो. लालजी सिंह और प्रो धर्मराज के शोध में इसका खंडन किया गया था। इस शोध दल का दावा था कि भारत में उनसेस्ट्रल साउथ इंडियन 60 हजार साल और उनसेस्ट्रल नॉर्थ इंडियन जीन 40 हजार साल पुराने हैं। इस आधार पर आर्यों को बाहर से आया हुआ बतलाया गया था। इसके बाद भी इस मुद्दे के पक्ष और विपक्ष में दुनियाभर में कई अध्ययन हुए। आर्य बाहर से आए थे या यहीं (भारत) के निवासी थे? इस सवाल का जवाब मिल गया है।

दरअसल, हिसार जिले के राखीगढ़ी में हुई हड़प्पाकालीन सभ्यता की खुदाई में कई रहस्यों और भ्रम से पर्दा उठ गया है। राखीगढ़ी में मिले 500 साल पुराने कंकालों के अध्ययन के बाद जारी की गई रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्य यहीं के मूल निवासी थे। बाहर से नहीं आए थे। यह भी पता चला है कि भारत के लोगों के जीन में पिछले हजारों सालों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। इस शोध के अनुसार आर्यन्स भारत के ही मूल निवासी थे। इसे लेकर वैज्ञानिकों ने राखीगढ़ी में मिले नरकंकालों के अवशेषों का डीएनए जांच किया था। डीएनए जांच से पता चला है कि यह रिपोर्ट से मेल नहीं खाती है। ऐसे में जाहिर है कि आर्यों का बाहर से आने का सिद्धांत ही गलत साबित हो जाता है।

(लेखक साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित

दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है। ध्यान साधारणतया दृश्य से जुड़ा है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकारें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## सटाका




## आज की पाती


### हमारा देश चीन से मुकाबला कैसे करेगा?

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। – *गोविंद रावत, धमतरी*

## करंट अफेयर

### अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से हंगरी के हटने की योजना


हंगरी ने गुरुवार को कहा कि वह युद्ध अपराध और जनसंहार के लिए दुनिया के एकमात्र स्थायी वैश्विक न्यायाधिकरण से हटने की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान के चीफ ऑफ स्टाफ गेरगेली गुलेयास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'हंगरी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से हटेगा। सरकार संवैधानिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे के अनुसार बृहस्पतिवार को वापसी की प्रक्रिया शुरू करेगी।' यह घोषणा ऐसे समय में की गई जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पहुंचे हैं। गाजा पट्टी में युद्ध के लिए उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी है। ओरबान के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने नवंबर में नेतन्याहू को यह निमंत्रण दिया था, वहीं नीदरलैंड के हेग स्थित आईसीसी ने मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप में उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। नेतन्याहू के करीबी सहयोगी ओरबान ने गिरफ्तारी वारंट को 'निंदनीय' करार दिया था।



## ऑफ बीट

### अमेरिका की योजना युद्ध के लिए रोबोट तैयार करने की

अमेरिका की रेप्लिकेटर पहल का उद्देश्य सेना की सभी शाखाओं के लिए अत्यधिक संख्या में किफायती प्रणालियों का उत्पादन करने के वास्ते रक्षा और अन्य तकनीकी कंपनियों के साथ समन्वय करना है। पिछले करीब एक दशक के आसपास विभिन्न स्तरों में स्वतंत्र संचालन के लिए सक्षम सैन्य प्रणालियाँ तेजी से सामान्य हुई हैं। लेकिन अमेरिकी घोषणा स्पष्ट करती है कि युद्ध का भविष्य बदल गया है : लड़ाके रोबोट का दौर आ गया है। विचार को हकीकत में बदलने का समय आ गया है। बीते दशक में, सैन्य उद्देश्यों के लिए उन्नत रोबोटिक प्रणालियों का खासा विकास हुआ है। इनमें से कई तो परिवर्तित वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जो स्वयं अधिक सक्षम, सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो गई है। हाल ही में, ध्यान इस बात पर प्रयोग करने पर केंद्रित हो गया है कि युद्ध में इनका सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दिखा दिया है कि वास्तविक दुनिया में तैनाती के लिए प्रौद्योगिकी तैयार है। बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने और उन पर हमला करने के लिए रोबोट हवाई वाहन का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।



## ट्रेंड

### रामायण का आकर्षक प्रदर्शन



थाई रामायण, रामकियेन का आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। रामायण वास्तव में एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अटल कैंटीन



झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा करने के लिए अटल कैंटीन के लिए 100 करोड़ का बजट आवंटित किया। अटल जी की जन्म शताब्दी पर 100 स्थानों पर कैंटीन खोली जाएंगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### प्रधानमंत्री जवाब दें



प्रधानमंत्री जवाब दें कि सरकार चीन द्वारा अतिक्रमण किए 4,000 वर्ग किलोमीटर को कैसे वापस लेगी या अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक रूप से विनाशकारी 26% टैरिफ का जवाब कैसे देगी?

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### ममममममम



भारत रचनात्मकता से भरपूर है। सिर्फ तथाकथित 'पिरामिड' के शीर्ष पर ही नहीं बल्कि निचले स्तर पर भी, जहां लोग सक्रिय रूप से बदलाव की तलाश कर रहे हैं। एआई दुनिया की पहली सच्ची लोकतांत्रिक तकनीक है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अचानक आसमान में दिखने लगे दो सूरज, लोग भी रह गए दंग



ओटावा। कनाडा के क्यूबेक में सेंट लॉरेंस नदी के ऊपर एक अद्भुत वीडियो कैद की गई है। जिसे देखकर हर कोई हैरान है। वीडियो में एक साथ दो सूरज उगते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घटना 29 मार्च की है। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर लोगों का काफ़ी ध्यान आकर्षित किया है, और कई लोग इस कुदरती नज़ारे को देखकर हैरान हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि एक ही वक्त में दो सूरज उग सकते हैं? अगर आपको लगता है कि ऐसा नहीं हो सकता है, तो ऐसा हुआ है। दरअसल, दावा किया जा रहा है कि 29 मार्च को ऐसा ही एक दिलचस्प नज़ारा देखने को मिला है, जिसे 'डबल सनराइज' भी कहा जा रहा है। हालांकि, यह भारत में नजर नहीं आया है।

## सूर्य को आंशिक रूप से ढक लिया था चंद्रमा ने



सूर्यग्रहण ने इस असाधारण वाक्या के लिए बेहतरीन हालात पैदा किए। चूंकि, इस दौरान चंद्रमा ने सूर्य को आंशिक रूप से ढक लिया था, इसलिए ऐसा वहम पैदा हुआ कि दो सूर्य एक साथ उग रहे हैं। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर लोगों का काफ़ी ध्यान आकर्षित किया है, और कई लोग इस कुदरती नजारे को देखकर हैरान हैं।



### क्या होता है असर

यह घटना न केवल देखने में हैरतअंगेज है, बल्कि आसमानी पिंडों और जमीन की फिजा के बीच यूनिक इंटरेक्शन को नुमाया भी करता है। ग्रहण के दौरान सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी की अलाइनमेंट से अलग-अलग प्रकार के ऑप्टिकल असर पैदा हो सकते हैं, जिनमें 'सींग' या 'सन डॉग' का दिखना भी शामिल है, जो सूर्य के दोनों ओर चमकीले धब्बे होते हैं।

### नायाब नजारे

सूर्य ग्रहण आम बात है, लेकिन इस तरह के डरामाई विजुअल्स इफेक्ट्स के नजारे को कैद करना नायाब है। सेंट लॉरेंस नदी की शांत मंजर के साथ ग्रहण के संयोजन ने इस वीडियो को गैर-मामूली बना दिया है, जो ब्रह्मांड के साथ हमारे ग्रह के रिश्ते की गतिशील और हमेशा बदलती खूबसूरती की एक झलक पेश करता है।

## रोचक खबरें



### यहां पर लड़की के शादी से मना करने पर लड़के को देते हैं कद्दू

**कीव**। दुनिया के सभी देशों की अपनी मान्यताएं और रीति-रिवाज हैं। कई देशों में इस आधुनिक दौर में भी लोग सालों से चली आ रही परंपराओं का पालन करते हैं। हर देश में शादी एक संस्कार मानी जाती है। हालांकि, शादी के तरीके और इससे जुड़े रीति-रिवाज काफी अलग होते हैं। कहीं शादी के समय पिता लड़की के सिर पर थूककर आशीर्वाद देता है, तो कहीं शादी के लिए लड़के मार खाते हैं। लेकिन, यूक्रेन में शादी को लेकर एक अजीबोगरीब परंपरा है। यहां पर लड़की वाले लड़के को कद्दू देते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में कद्दू का शादी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यूक्रेन में लड़कों को कद्दू से काफी डर लगता है। इसकी वजह शादी से जुड़ी एक अजीबोगरीब मान्यता है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में जब कोई लड़का किसी लड़की के घर शादी के लिए रिश्ता लेकर जाता है, तो उसे माता-पिता को भी रिश्ते के लिए राजी करना होता है। लड़के को अपने साथ परिवार के दो लोगों को लेकर जाना होता है। हालांकि, शादी का अंतिम फैसला लड़की ही करती है। अगर वो शादी के लिए मानती है, तो वो लड़के के हाथ में रिबन बांधती है, लेकिन वो इंकार कर देती है, तो लड़के को कद्दू दिया जाता है।

### 7 साल में 20 बार 'दुल्हन' बन चुकी है लड़की, फिर भी है कुंवारी! वजह जानकर उड़ जाएंगे होश

**बीजिंग**। शादी वैसे तो जन्म-जन्म का नाता है और इसे करने से पहले इंसान को अच्छी तरह सोचना-समझना होता है। हालांकि, वक्त बदलने के साथ-साथ इस रिश्ते के मायने भी बदल गए हैं। कुछ लोग सिर्फ समाज के लिए शादी करते हैं तो कुछ समाज के दबाव में करते हैं। यही वजह है कि शादी एक संस्कार नहीं, बल्कि कुछ जगहों पर मज़ाक बनकर रह गई है। पड़ोसी देश चीन से एक ऐसी ही लड़की की कहानी सामने आई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यहां रहने वाली एक लड़की सिर्फ दिखावे के लिए लोगों की दुल्हन बन जाती है। ये शादी उसके लिए किसी सीरियल में काम करने जैसी होती है और वो इससे पैसे कमाती है। कहने को तो उसकी 20 शादियां हो चुकी हैं, लेकिन आज तक वो अविवाहित ही है। चीन की रहने वाली काओ मेई नाम की लड़की ने कमाई का अलग ही रास्ता निकाल रखा है। वो उन लोगों के लिए दुल्हन बन जाती है, जो समाज से पड़ रहे शादी के प्रेशर को लेकर परेशान हैं। काओ 20s में है और वो पिछले 7 सालों से ये काम कर रही है। चंग्दू की रहने वाली काओ ने साल 2018 में अपने एक दोस्त की गर्लफ्रेंड होने का नाटक किया था। इसके बाद तो उसने इसे ही बिजनेस बना लिया, वो सोसायटी प्रेशर में पड़े लोगों की मदद करने के लिए उनकी गर्लफ्रेंड या बीवी बन जाती है। पिछले सात सालों में वो 20 शादियां कर चुकी है, जिसमें वो अपने क्लाइंट के लिए उनकी दुल्हन बन जाती है।



### जुलाई में आएगी सुनामी, हिलेगी जमीन! जापानी 'अम्मा' ने 26 साल पहले ही कर दी थी 2025 वाली भविष्यवाणी

**टोक्यो**। कई लोग ऐसे हैं जो बहुत पहले ही धरती पर होने वाली चीजों का दावा कर चुके हैं और जिनकी बातें सच भी साबित हुई है। इसी कड़ी में जापान की एक अम्मा का किस्सा सामने आया है। जिन्होंने कहा कि जुलाई महीने में साल 2011 से भी भंयकर तबाही देखने को मिलेगी। आपने एक चीज नोटिस की होगी कि पिछले कुछ समय से हमारी धरती पर हमें ऐसी कई चीजें देखने को मिल रही है। जिसकी उम्मीद किसी ने ना की हो. जैसे कुछ ही दिनों पहले म्यांमार में धरती इस तरीके से हिली की हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इन सबके इतर हम लोगों को कई ऐसी परिस्थिति देखने को मिल रही है। जिसे किसी के लिए भी समझ पाना काफी ज्यादा मुश्किल हो रहा है। सीधे शब्दों में कहे तो किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर हमारी धरती पर ये हो क्या रहा है। वैसे क्या आप जानते हैं कि जानते हैं कि जो घटनाएं आप हमारी धरती पर अभी देख रहे हैं, इसकी भविष्यवाणी कई साल पहले हो चुकी है। अगर आप भी भविष्य या उनसे जुड़ी चीजों में दिलचस्पी रखते हैं तो आप बाबा वेंगा के बारे में अच्छे से जानते होंगेइनको लेकर दुनिया का ये मानना है कि इन्हें भविष्य दिखता था और इसी तरह की एक महिला जापान में भी थी, जिनको लेकर वहां के लोगों का ऐसा कहना था कि उन्हें भविष्य में होने वाली चीजें नजर आती है। रयो ततसुकि ने 1999 में अपनी किताब पब्लिश की थी। जिसमें कोरोना को लेकर भविष्यवाणी उन्होंने पहले ही कर दी थी। इसके अलावा साल 2025 को लेकर भी उन्होंने काफी कुछ लिखा है, जो अगर सच हो गया तो हर हमारी धरती पर तबाही आ जाएगी। किताब में कही बात को अगर माने तो ये सुनामी जुलाई महीने में आने वाली है और यहां भंयकर तबाही मचाएगी।




# 40 साल बाद फिर बनेगा इतिहास, भारत के शुभांशु शुक्ला जाएंगे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन

नई दिल्ली। भारत के स्पेस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पल आने वाला है, जब भारतीय वायुसेना के अधिकारी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की यात्रा करेंगे। यह मिशन एक्सिओम मिशन 4 (एएक्स-4) के तहत मई में लॉन्च किया जाएगा, जिसमें चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बनेंगे और 40 साल बाद किसी भारतीय के अंतरिक्ष में जाने का सपना पूरा होगा। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान से यात्रा की थी।

### क्या है एएक्स-4 मिशन?

एएक्स-4 मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग और तकनीकी



परीक्षण करना है। इस मिशन के तहत कई बड़े काम किए जाएंगे। वहां सभी वैज्ञानिक माइक्रोग्रैविटी में जैविक और भौतिक विज्ञान से जुड़े प्रयोग करेंगे। इसके साथ ही वहां तकनीकी परीक्षण भी किए जाएंगे। इस दौरान नई स्पेस तकनीकों और उपकरणों का परीक्षण किया जाएगा। इस मिशन के तहत पृथ्वी पर लोगों को अंतरिक्ष विज्ञान और रिसर्च के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### ड्रैगन कैप्सूल से होगा लॉन्च

शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे। यह लॉन्च अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए किया जाएगा। लॉन्च की सटीक तारीख नासा और एक्सिओम स्पेस द्वारा अंतिम अनुमोदन के बाद घोषित की जाएगी।





### भारत के लिए बड़ी उपलब्धि

शुभांशु शुक्ला का यह मिशन भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक बड़ी छलांग साबित होगा। 40 साल के बाद एक भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, जिससे न केवल देश की वैज्ञानिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी बल्कि भविष्य में गगनयान मिशन और अन्य अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाएं भी खुलेंगी। इस मिशन से भारत को वैश्विक स्पेस रिसर्च और वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।




### चौथी प्राइवेट स्पेस फ्लाइट

एक्सिओम स्पेस एक निजी अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी है, जो भविष्य में एक वाणिज्यिक स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। एक्सिओम ने अब तक तीन अंतरिक्ष मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। अप्रैल 2022 में एक्सिओम-1 मिशन लॉन्च हुआ था, जिसमें 17 दिन का अंतरिक्ष मिशन किया गया था. इसके बाद मई 2023 में एएक्स-2 मिशन और जनवरी 2024 में एएक्स-3 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च किए गए. अब एएक्स-4 मिशन इस सीरीज का चौथा चरण है, जिसमें भारत सहित चार देशों के अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे।

# यहां जंगल में जिंदा रहना सीख रहे हैं लोग, राशन की दुकानों पर मची है लूट

लंदन। दुनिया में कई देशों के बीच तनाव चल रहा है। साथ ही कई देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर युद्ध चल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध 2022 में शुरू हुआ था, जो अभी भी चल रहा है, तो वहीं इजराइल और हमास के बीच भी जंग जा रही है। इन सभी के बीच कई बार तीसरे विश्व युद्ध की भविष्यवाणी की जा चुकी है। अगर तीसरा विश्व युद्ध होता है, तो दुनिया में भयानक तबाही सकती है। कई देशों ने तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।



### ऐसे गैजेट की बढ़ी बिक्री

लोग टूटने और खराब होने वाले गैजेट पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व सैन्यकर्मी लेह प्राइस का कहना है कि रूस के पश्चिम के खिलाफ युद्ध छेड़ने की वजह से उनकी द बग आउट दुकान के कारोबार में भारी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि तैयारी का मतलब आत्मनिर्भरता है। उनका कहना है कि अब सभी लोगों को सुविधाओं की आदत पड़ गई है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं रहा और भविष्य में भी ऐसा नहीं होगा। प्राइस ने 25 साल की एक्सपायरी डेट वाले फ्रीज-ड्राय चिकन और मीट की मांग में बढ़ोतरी देखी है। उन्होंने अपने जीवन रक्षा प्रशिक्षण में भी इसका फायदा लिया है। रूस के साथ बढ़ते तनाव की वजह से लोगों में भय और चिंता है। उत्तरी यूरोपीय देशों की आपातकालीन योजना बनाने में अग्रणी भूमिका है।

### इन देशों में भी हो रही तैयारी

नॉर्वे में लोगों को सलाह दी गई है कि वह परमाणु हमले की स्थिति में आयोडीन की गोलियों समेत गैर-जरूरी दवाइयों का जमा कर लें। जर्मन परिवारों से गुजारिश की गई है कि वे तहखानों, गैरेजों या स्टोर रूम को बंकर के रूप में इस्तेमाल करें। पोलैंड में बिल्डरों को नए घरों में सुरक्षित आश्रय स्थल बनाने पड़ेंगे।





### बुशक्राफ्ट कोर्स में 75 फीसदी हुई वृद्धि

बुशक्राफ्ट कोर्स में दाखिला लेने वाले लोगों की 75 फीसदी संख्या बढ़ी है। बुशक्राफ्ट कोर्स में जंगल में जीवित रहने के तरीके सिखाए जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईस्ट एंग्लिया में बैक टू वाइल्डरनेस लर्निंग सेंटर के संस्थापक रे चिन का कहना है कि लोग सच में बुनियादी कौशल सीख रहे हैं। उदाहरण के तौर पर जंगल में बिना किसी उपकरण या लकड़ियों को आपस में रगड़कर आग कैसे जलाई जाए, यह जानने की कोशिश कर रहे हैं।

## यह जगह कनाडा के मैनिटोबा में मौजूद शहर नार्सिस है

# सांपों का 'हनीमून स्पॉट', हर साल रोमांस के लिए पहुंचते हैं 75 हजार सांप

**नार्सिस**। सांपों को देखकर यूं तो किसी के भी शरीर में सिहरन दौड़ जाएगी, लेकिन एक जगह है, जहां पर लोग सांपों के मिलन को देखने के लिए जाते हैं। हर साल वसंत ऋतु में यहां पर 75,000 से अधिक पूर्वी गार्टर सांप पहुंच जाते हैं और अपने लिए पार्टनर तलाश करते हैं। वैज्ञानिकों के लिए ये जगह काफी दिलचस्प है। सांपों के हनीमून स्पॉट कहे जाने वाले इस शहर में हर साल नाग-नागिन के जोड़े लहराते हुए देखे जाते हैं। ये जगह कनाडा के मैनिटोबा में मौजूद शहर नार्सिस है, जहां हर बसंत ऋतु में ये चमत्कार घटित होता है। इस दौरान यहां 75,000 से अधिक सांप प्रवास के लिए आते हैं। कभी-कभी यह संख्या 1,50,000 तक पहुंच जाती है।

यहां प्रवास करने वाले सांप लाल-किनारे वाले पूर्वी गार्टर सांप हैं। जीव वैज्ञानिक यहां हर साल मार्च से जून तक बड़ी संख्या में एकत्र होने वाले सांपों को देखने आते हैं। ये सांप सर्दियों में अपने छिपने के स्थानों से बाहर आ जाते हैं। वे गर्मी और मेटिंग के लिए साथी की तलाश में नार्सिस की ओर पलायन करते हैं।



### पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

चूंकि ये एक हाईवे के पास है, ऐसे में प्रवास के दौरान सड़क पार करते समय वाहनों की चपेट में आने से हजारों सांप मर चुके हैं, जिससे वे डर जाते हैं। अब पर्यावरण की सुरक्षा करने वाले लोगों ने आइडिया निकाला और उन्होंने राजमार्ग के नीचे सुरंगें बनाई और बाड़ लगाई है, ताकि सांपों के साथ दुर्घटनाएं नहीं हों। नार्सिसस में सांपों का मेल और मिलन महज एक घटना नहीं, बल्कि इकोसिस्टम का एक हिस्सा है। इससे वैज्ञानिकों को यह जानने में मदद मिलेगी कि सांप कैसे रहते हैं और कैसे व्यवहार करते हैं। यह क्षेत्र कई तरह के पर्यटकों के लिए आकर्षण का अहम केंद्र बना हुआ है।

### मादा सांपों के चारों ओर समूह में घूमते हैं नर सांप

कनाडा में सर्दी समाप्त होने के बाद सांपों का प्रवास शुरू हो जाता है। सर्दियों में सांप चूना पत्थर की दरारों से बनी गुफाओं में ज़मीन के नीचे रहते हैं। जब वसंत ऋतु आती है, तो नर सांप सबसे पहले जागते हैं और साथी की तलाश में बाहर आते हैं। जो नागिन उन्हें अपने योग्य समझती है, वो उनके साथ संबंध स्थापित करती है। हनीमून डेस्टिनेशन पर पहुंचकर नर सांप, मादा सांपों के चारों ओर समूह में घूमते हैं। नर सांप कोशिश करते हैं कि वो मादा सांप को इम्प्रेस करके उन्हें अपना पार्टनर बना लें, इस प्रक्रिया को 'मेटिंग बॉल' कहा जाता है। विशाल सांपों का यह जमावड़ा सांपों के मेटिंग और ब्रीडिंग सीज़न का हिस्सा होता है। जहां यह घटना घटित होती है वहां नार्सिसस सर्प गुफाओं में हजारों सांप घूमते हैं। वह क्षेत्र काफी भीड़भाड़ वाला है और यहां इतने सारे सांपों को करीब से देखने का यह एक दुर्लभ मौका भी मिलता है।


### एक करोड़ लेकर जुड़वां बच्चे की मां बनी ये लड़की



एक वजह से पूरे देश में मच गया हंगामा

**बीजिंग**। चीन से एक हैरान करने वाला मामला इन दिनों लोगों के बीच सामने आया है। जहां एक लड़की 17 साल की उम्र में सरोगेट मदर बन गई और उसने 50 साल के एक शख्स के जुड़वे बच्चे को जन्म दिया। उसे इस काम के बदले 900,000 युआन (1 करोड़ रुपए) से अधिक का भुगतान किया। इस खबर के सामने आते ही लोग इसे तस्करी की संज्ञा दे रहे हैं। ये कहानी 24 मार्च को चर्चा में आई। जब तस्करी विरोधी कार्यकर्ता शांगगुआन झेंगयी ने सोशल मीडिया पर यह डिटेल शेयर की। अपनी कहानी को शेयर करते हुए कार्यकर्ता ने कहा कि 2007 में जन्मी सिचुआन प्रांत की रहने वाली किशोरी ने गुआंगझोउ की एक एजेंसी के माध्यम से सरोगेसी प्रक्रिया अपनाई और उसने 2 फरवरी को गुआंगडोंग प्रांत में बच्चे को जन्म दिया। अपनी इस कहानी में उसने कहा कि जब इस लड़की एम्ब्रियो ट्रांसप्लांट किया गया तो उसकी उम्र महज 16 की साल थी। 50 साल के शख्स का सरनेम लोंग था। जिसको लेकर कार्यकर्ता द्वारा डेटा शेयर किया गया और कहा कि लोंग ने एजेंसी से जुड़वां लड़कों का अनुरोध किया था।

**वायरल हुआ ये मामला** : इस रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि लॉन्ग जुनलान मेडिकल इक्विपमेंट कंपनी के साथ 730,000 युआन (81 लाख रुपए) डील साइन की। हालांकि, उसने सब मिलाकर 900,000 युआन (1 करोड़ रुपए) से अधिक का भुगतान किया लॉन्ग शादीशुदा नहीं थे।



# अक्षय ने किया 'केसरी चैप्टर 3' का ऐलान...

**मुंबई।** 3 अप्रैल को दिल्ली में अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस ट्रेलर रिलीज इवेंट और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अक्षय के अलावा आर माधवन, अनन्या पांडे और फिल्म के डायरेक्टर करण सिंह त्यागी व प्रोड्यूसर करण जौहर भी मौजूद थे। इस दौरान फिल्म के बारे में बात करते हुए अक्षय ने 'केसरी 3' का भी ऐलान कर दिया। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म हरि सिंह नलवा के जीवन पर आधारित होगी, जो सिख साम्राज्य की सेना, सिख खालसा फौज के पहले कमांडर-इन-चीफ थे। हरि सिंह नलवा एक सिख कमांडर थे, जो महाराजा रणजीत सिंह की सेना में एक सम्मानित नेता थे।

## लाइफ Style

# अंजलि

## आठ साल की उम्र में झेला दर्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'डब्बा कार्टेल'और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी'फेम अभिनेत्री अंजलि आनंद ने हाल ही में बचपन में अपने साथ हुए कुछ दर्दनाक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक डांस टीचर ने उनकी जिंदगी को प्रभावित किया और कैसे उनके पहले बॉयफ्रेंड ने उन्हें बचाया।

अंजलि ने अपने बचपन के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि उनका एक डांस टीचर था, जिसने उन्हें परिवार बनाने की कोशिश की। अंजलि ने बताया कि उस टीचर ने उनके साथ हर चीज करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि क्या करना है। मैं आठ साल की थी। मेरे पिताजी के गुजर जाने के ठीक बाद उसने कहा मैं तुम्हारा पिता हूं और मैंने उनकी बात पर विश्वास कर लिया, क्योंकि मुझे इससे बेहतर कुछ नहीं पता था। फिर उन्होंने बहुत धीरे-धीरे शुरू किया। उन्होंने मेरे होंठों पर किस किया और कहा, यह वही है जो पिता करते हैं। मुझे पता ही नहीं था कि पिता-बेटी का रिश्ता कैसा होता है।' अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह कई वर्षों तक चलता रहा और डांस टीचर ने उनकी जिंदगी को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'वह मुझे अपने बाल खुले नहीं रखने देता था। वह मुझे लड़कियों के कपड़े नहीं पहनने देता था, वह मुझे अपनी पुरानी टी-शर्ट पहनाता था ताकि मैं दूसरों को आकर्षक न दिखूं। जब मेरी बहन की शादी हुई और मेरे पिता के सबसे अच्छे दोस्त का बेटा शादी में आया, तो उसे मुझ पर क्रश हो गया और उसने मुझसे बात करनी शुरू कर दी। तब मुझे पता चला कि क्या नॉर्मल है।'



## हॉलीवुड मसाला





# 'कराटे किडः लीजेंड्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर 'कराटे किड' फ्रेंचाइजी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' का ऑफिशियल ट्रेलर सोनी ने रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में पुराने हीरो राल्फ मैकियो फिर से डेनियल लारूसो की भूमिका में नजर आएंगे। वह साल1984 की मूल फिल्म का हिस्सा थे। वहीं, इस फिल्म में उनके साथ जैकी चैन भी होंगे, जो 2010 की रीमेक फिल्म में मिस्टर हान बने थे। फिल्म में बेन वांग एक युवा कुंग फू फाइटर ली फॉन्ग का किरदार निभा रहे हैं।



# मैं अपने बर्तन खुद धोती हूं : कैमिला

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड पॉप स्टार कैमिला कैबेलो, जिनका 103.40 करोड़ का नेटवर्थ है। उन्होंने हाल ही में में बताया कि उन्हें डिशवॉशर चलाना नहीं आता। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें बर्तन धोना बहुत पसंद है। कैबेलो, जो किशोरावस्था में ही फिफ्थ हार्मनी का हिस्सा थीं, ने 'स्मॉलजीज सर्जरी' में कहा, 'मैंने कुछ ट्रेनें ली हैं। मेट्रो नहीं। मैं झूठ नहीं बोलूंगी, मैं उबर के लिए काली एसयूवी में सफर करती हूं। ईमानदारी से कहूं तो मैं करती हूं। फीमेलफर्स्ट.को.यूके की रिपोर्ट के अनुसार, 28 वर्षीय पॉप स्टार ने कहा कि भले ही उन्हें सार्वजनिक परिवहन से नफरत है, लेकिन उन्हें बर्तन धोना 'बहुत पसंद है'। उन्होंने कहा, 'मैं सार्वजनिक परिवहन न होने के कारण खुद को एक बेवकूफ़ की तरह पेश कर रही हूं, लेकिन मुझे बर्तन धोना बहुत पसंद है।



# पूरी जिंदगी काम करना चाहती हैं करीना

**मुंबई।** अभिनेत्री करीना कपूर खान ने बुधवार को अपनी फिटनेस और जिंदगी के बारे में खुलकर बात की। 44 साल की करीना ने कहा कि वह हमेशा फिट रहना चाहती हैं, ताकि बुढ़ापे में भी काम और पारिवारिक जीवन का आनंद ले सकें। करीना ने कहा कि वह किसी की मदद या बैसाखी के बिना अपनी जिंदगी जीना चाहती हैं। उन्होंने कहा, उम्र मेरे लिए बस एक नंबर है। मैं फिट रहना चाहती हूं, ताकि 70 या 75 की उम्र में भी सेट पर जा सकूं। मुझे पूरी जिंदगी काम करना है। अपने नाती-पोतियों को उठाने के लिए भी ताकत चाहिए। इसके लिए रुजुता की सलाह से सही खाना खाती हूं। करीना का मानना है कि अच्छा खाना, योगा और थोड़ी एक्सरसाइज आपको अंदर से अच्छा महसूस कराते हैं। इस पर बात करते हुए करीना ने कहा, जिंदगी और उम्र मेरे लिए यही है।



# हॉरर फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बेटियों का जन्म हर किसी के लिए खुशखबरी नहीं होता। यह समाज का एक कड़वा सच है। इतिहास में कई ऐसी कहानियां दफन हैं, जहां बेटियों को जन्म के साथ ही मौत की नींद सुला दिया जाता। फिल्मों और धारावाहिकों में इन कहानियों को उतारने की कोशिश होती रही हैं। कुछ इसी तरह की कहानी लेकर आ रही है हॉरर फिल्म 'छोरी 2'। गुरुवार 3 अप्रैल को इसका ट्रेलर जारी हुआ है। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नुसरत भरूचा और सोहा अली खान अहम भूमिका में हैं। इसमें लैंगिक भेदभाव को दिखाया गया है। इसमें इमोशंस भी हैं और हॉरर भी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में एक महिला एक छोटी बच्ची को कहानी सुनाती है। कहती है, 'एक घंणा बड़ा राज्य था। उसका एक राजा था। एक दिन उसके घर पर छोरी का जन्म होगा।

## टीवी मसाला



# तुलसी बन फिर एक्टिंग करेंगी स्मृति ईरानी...

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। क्योंकि, साल भी कभी बहू थी स्टार प्लस के सुपरहिट सीरियल्स में से एक था। सीरियल की शुरुआत साल 2000 में हुई थी और फिर आठ साल तक ये शो टीवी पर सफलतापूर्वक चला था। अब खबर है कि एकता कपूर का ये शो वापसी करने जा रहा है। शो के रिप्राइज वर्जन में स्मृति ईरानी एक बार फिर एक्टिंग करती नजर आ सकती हैं। एकता कपूर क्योंकि सास भी कभी बहू थी के रिप्राइज वर्जन की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो ये एक लिमिटेड सीरीज होगी, और इस पर तेजी से काम चल रहा है। स्मृति ईरानी ने अपने किरदार पर काम भी शुरू कर दिया है। मेकर्स ओपनिंग सीन को उसी तरह से शूट करने का प्लान कर रहे हैं जैसे ओरिजिनल सीरियल में था। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में स्मृति ईरानी के साथ अमर उपाध्याय नजर आए थे। हालांकि, कुछ वक्त बाद उन्होंने शो से एग्जिट ले लिया था। इसके बाद, शो में रोनित रॉय की एंट्री हुई थी। रिपोर्ट्स की मानें तो सीरियल के रिप्राइज वर्जन में अमर उपाध्याय नजर आएंगे। अमर उपाध्याय हाल ही में डोरी 2 में नजर आए थे, मेकर्स से मनमुटाव के कारण अमर उपाध्या ने डोरी 2 छोड़ दिया है और अब वो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की तैयारी कर रहे हैं।

## 'बिग बॉस' को टक्कर देने आ रहा ओटीटी पर नया शो 'हाउस अरेस्ट'

**नई दिल्ली।** सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो 'बिग बॉस' की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। वहीं, अब इस शो को टक्कर देने एक नया शो आ रहा है। ये शो ओटीटी पर आएगा। इसका नाम 'हाउस अरेस्ट' है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। इस शो का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है। अब आप सोच रहे होंगे इस शो को भला होस्ट कौन कर रहा है। तो बता दें इसे कोई और नहीं, बल्कि 'बिग बॉस' के विवादित एक्स कंटेस्टेंट एजाज खान होस्ट कर रहे हैं। 'हाउस अरेस्ट' को 'बिग बॉस' के तर्ज पर लाया गया है। वहीं, इसे 'बिग बॉस 7' सेकंड रनर-अप रहे एजाज खान होस्ट करेंगे। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म उल्लू ऐप पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो में भी यूट्यूबर, इंफ्लुएंसर टीवी के कुछ जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। 'हाउस अरेस्ट' का टीजर 1 अप्रैल को रिलीज किया गया, जो काफी धमाकेदार है।



# एम्पुरान से लेकर फिराक तक, गुजरात दंगों पर आधारित हैं ये फिल्में...



*मुंबई। साउथ के स्टार पृथ्वीराज और मोहनलाल की फिल्म 'एल2ः एम्पुरान' पर अभी भी विवाद जारी है। फिल्म में गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई है। फिल्म 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके बाद लोगों ने फिल्म पर ऐतराज जताया था। विवाद के बाद फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म में 24 कट लगाए और संवाद बदले। आज हम आपको ऐसी ही फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं जिनमें गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई है।*

***द साबरमती रिपोर्ट :*** *यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म में विक्रांत मेसी, राशि खन्ना और रिधि डोगरा अहम रोल में थीं। फिल्म का निर्देशन धीरज सरना ने किया था। फिल्म में साल 2002 में गोधरा ट्रेन अग्निकांड की कहानी और उसके बाद हुए गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई थी। इस फिल्म पर विवाद हुआ था।*

***एक्सीडेंट ऑर कांस्पेरेसी; गोधरा :*** *यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई। फिल्म का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया। फिल्म में रणवीर शौरी, मनोज जोशी और हितू कनोडिया ने अभिनय किया है। फिल्म में साल 2002 में गोधरा अग्निकांड की कहानी दिखाई गई है। इसके बाद गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई है।*

***काई पो चे:*** *काई पो चे फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्माण अभिषेक कपूर ने किया था। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत, राजकुमार राव, अमृता पुरी और अमित साध अहम रोल में थे। फिल्म में दिखाया है कि लोगों पर गुजरात दंगों का असर पड़ा। हालांकि, फिल्म के आखिर में इंसानियत की जीत दिखाई गई है। इस फिल्म पर विवाद हुआ था।*

***फिराक :*** *यह फिल्म साल 2008 में रिलीज हुई थी। फिल्म का लेखन और निर्देशन नंदिता दास ने किया था। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, नवाजुद्दीन सिद्दकी, परेश रावल, संजय सुरी और दीप्ति नवल ने अदाकारी की थी। इस फिल्म में भी गुजरात दंगों और उसके बाद की हालत दिखाई गई है।*

***परजानिया :*** *ये फिल्म साल 2005 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन राहुल ढोलकिया ने किया था। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, सारिका और कोरिन नेमेक ने अहम रोल अदा किया है। इस फिल्म में एक पारसी परिवार की कहानी दिखाई गई है। गुजरात दंगों के दौरान उनका बेटा गायब हो जाता है। फिर परिवार बेटे को ढूंढ़ता है।*

# ऐश्वर्या -आराध्या बच्चन की तस्वीरों ने जीता फैंस का दिल

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन को अपने एक रिश्तेदार की शादी में देखा गया। वह बेटी आराध्या और पति अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं। इस शादी से ऐश्वर्या और उनके परिवार की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। ये तस्वीरें ऐश्वर्या के फैंस को खूब पसंद आईं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन को बेटी आराध्या के साथ एक शादी में देखा गया। यह शादी ऐश्वर्या राय के मामा के बेटे की बताई जा रही है। इस शादी से कई वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं, जिन्हें ऐश्वर्या के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। हाल ही में शादी की कुछ और तस्वीरें भी वायरल हुई हैं। इनमें ऐश्वर्या और आराध्या का लुक काफी कमाल का नजर आ रहा है। शादी की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं, उनमें ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन लाल रंग की ट्रेडिशनल ड्रेस में दिख रही हैं। दोनों ने बहुत नेचुरल मेकअप किया हुआ है। तस्वीरों में ऐश्वर्या के मामा के परिवार के लोग भी शामिल हैं। अभिषेक ने भी सफेद शेरवानी पहनी है, वह भी तस्वीरों में नजर आ रहे हैं। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या एक हैप्पी फैमिली की तरह तस्वीरों में दिख रहे हैं।



## यह हिंदी सिनेमा की है बेहतरीन फिल्म

# 65 साल पहले आई थी एक ऐसी फिल्म, जिसकी टिकट के लिए रात में सड़कों पर सो जाते थे लोग, लगती थी 5 किमी लंबी लाइन

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कई क्लासिक मूवीज बनीं, लेकिन 65 साल पहले रिलीज 'मुगल-ए-आजम' का आजतक कोई तोड़ नहीं है। इसे हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक माना जाता है। के आसिफ के निर्देशन में बनी ये अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी और इसके पूरे निर्माण के दौरान कई बार देरी का सामना करना पड़ा। हालांकि, ये देरी इसके लायक थी, क्योंक फिल्म तुरंत हिट हो गई। इसका क्रेज ऐसा था कि दर्शक दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर और मधुबाला की फिल्म की टिकट पाने के लिए कई दिनों तक कतार में खड़े रहते थे। हाल ही में रजा मुराद ने इस दीवानगी को लेकर खुलासा किया है। यहां बता दें कि जब साल 1960 में 'मुगल-ए-आजम' रिलीज हुई थी, तब रजा मुराद 10 साल के थे। उनके पिता हामिद अली मुराद भी इस आइकॉनिक मूवी का हिस्सा थे। उन्होंने राजा मान सिंह का किरदार निभाया था। रजा मुराद ने बताया कि फिल्म के टिकट खरीदने के लिए कतार दो दिनों तक चली और 5 किलोमीटर से ज्यादा लंबी हो गई।*



### सड़कों पर सोते थे लोग घरवाले लाते थे खाना

रजा मुराद ने कहा, 'सोमवार की एडवांस बुकिंग के लिए लोग शनिवार से ही कतार में लग गए थे। मैंने खुद भी ऐसा देखा है। लोग सड़कों पर सोते थे, उनके परिवार के सदस्य उनके लिए खाना लाते थे और वे सोमवार के शो के लिए टिकट खरीदने का इंतजार करते थे। बॉम्बे सेंट्रल से शुरू हुई कतार महालक्ष्मी तक चली गई।'

### 'नहीं बनना चाहिए ऐसी फिल्मों का रीमेक'

उन्होंने ये भी कहा कि इस तरह की फिल्म का कभी रीमेक नहीं बनाया जाना चाहिए और जो कोई भी ऐसा करने की कोशिश करेगा, वह बुरी तरह विफल होगा।



### भगवान ने मधुबाला, के आसिफ और पृथ्वीराज को मिशन पर भेजा था

वो बोले, 'मुझे लगता है कि भगवान ने मधुबाला, आसिफ और पृथ्वीराज कपूर को एक मिशन पर भेजा था। उनका मिशन 'मुगल-ए-आजम' बनाना था। फिल्म के तुरंत बाद, वे सभी भगवान के पास वापस चले गए।' बता दें कि मधुबाला, के आसिफ और पृथ्वीराज कपूर का निधन फिल्म रिलीज के 12 साल के अंदर हो गया था।

### मोनोक्रोम में हुई थी शूटिंग

'मुगल-ए-आजम' उस समय तक भारत में बनी सबसे भव्य फिल्म थी। पूरी फिल्म मोनोक्रोम में शूट की गई थी। के आसिफ ने मधुबाला के साथ 'प्यार किया तो डरना क्या' गाने को रंगीन तरीके से शूट किया था।

### दिलीप और मधुबाला का रिश्ता हुआ था खत्म

इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दिलीप और मधुबाला ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया था। वे स्क्रीन पर प्रेमी-प्रेमिका की भूमिका निभा रहे थे, लेकिन एक-दूसरे से बात भी नहीं करते थे।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय में उत्कृष्टता और उत्साह के साथ हुआ 11 वां दीक्षांत समारोह




**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिरकत की और उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में यह एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्तियों और समाज को प्रगति की ओर ले जाता है। विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अकादमिक उत्कृष्टता और उत्साह के माहौल में दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कुल गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में चेयरमैन हेमंत गोयल व गुरु ऋषिराज महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। इस गरिमामय समारोह में विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को उनकी अकादमिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा धारक, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र धारक भी शामिल रहे। इसमें पीएचडी शोधार्थी भी शामिल हैं जो अनुसंधान ज्ञान के नए आयाम खोलेंगे। आठ को स्वर्ण पदक और नौ को रजत पदक मिले।

विशिष्ठ अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दीक्षांत समारोह के साथ नवजीवन में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज व देश में मॉडल बनना पड़ेगा, लेकिन मेडल से मॉडल बनने की यात्रा कठिन है। जिन्हें मेडल नहीं मिले है उन्हें और संघर्ष करते हुए संकल्प लेना होगा कि कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है। अब आपको जीवन की नई शिक्षा ग्रहण करनी है। मात्र पढ़ने लिखने व कार्स करने का नाम शिक्षा नहीं है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलाधिपति अच्युतानंद मिश्र ने नया अध्याय शुरू कर रहे विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नवाचार के माध्यम से उद्यमिता विकसित करने वाले बनें। जिससे देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके।

कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। 11वां दीक्षांत समारोह का यह ऐतिहासिक अवसर केवल एक उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यहां मिलने वाली उपाधियां अथक परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। शिक्षा जीवन भर चलने वाली यात्रा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का घर रहेगा और जीवन आपको कहीं भी ले जाए हमेशा इस परिवार का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। प्रो. राजीव शर्मा, प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दिकी, प्रो. किशनपाल सिंह, प्रो. आरके शर्मा ने उपाधि धारकों को प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# चीनी मिलें बंद होने से उत्पादन 248.50 लाख टन पर अटका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गन्ना की भारी कमी के कारण चीनी मिलें लगातार तेजी से बंद होती जा रही हैं और इसके फलस्वरूप गन्ना क्रशिंग का सीजन जल्दी ही समाप्त होने की संभावना है। सहकारी चीनी मिलों की शीर्ष संस्था- नेशनल फेडरेशन ऑफ को ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज के आंकड़ों से पता चलता है कि चालू मार्केटिंग सीजन की पहली छमाही में यानी 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर चीनी का कुल उत्पादन घटकर 248.50 लाख टन पर अटक गया, जो 2023-24 सीजन की समान अवधि के उत्पादन 302.50 लाख टन से 18 प्रतिशत या 54 लाख टन कम रहा। मार्च 2025 के प्रथम पखवाड़े की तुलना में दूसरे पखवाड़े के दौरान चीनी के उत्पादन में 6 लाख टन की गिरावट दर्ज की गई।

### देश भर में करीब 234 चीनी मिलें बंद

*फेडरेशन के अनुसार केवल मार्च 2025 में ही देश भर में करीब 234 चीनी मिलें बंद हुई। इसे मिलाकर चालू मार्केटिंग सीजन में अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कुल 420 इकाइयों में गन्ना की क्रशिंग समाप्त हो चुकी है। इसके सापेक्ष अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान 331 इकाइयां ही बंद हुई थीं। 31 मार्च 2025 को देश की 113 चीनी मिलों में गन्ना की क्रशिंग जारी थी जबकि पिछले साल की समान अवधि में 204 चीनी मिलें क्रियाशील थीं। गत वर्ष मार्च में बंद होने वाली चीनी मिलों की संख्या 257 पर पहुंच गई थी इस बार शुरू से ही मिलों को गन्ना की पर्याप्त मात्रा हासिल करने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है।*

### पीएम मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे

# एक दशक में 52 करोड़ खाते खुले 33 लाख करोड़ रु.का कर्ज बांटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अप्रैल 2015 में शुरू होने के बाद अब अपनी सफलता के 10 साल पूरे कर रही है। एसबीआई रिसर्च की एक नई रिपोर्ट सामने आई है, जो इस योजना के जमीनी स्तर पर उद्यमिता, वित्तीय समावेशन और देशभर में क्रेडिट एक्सेस पर पड़े दूरगामी प्रभाव को रेखांकित करती है।

रिपोर्ट बताती है कि इस योजना के तहत 33 लाख करोड़ के लोन बांटे गए है। वही 10 वर्षों में 52 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गए है। रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत पिछले 10 वर्षों में कुल स्वीकृत ऋण 33 लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है। वित्त वर्ष 2014 में जहां यह आंकड़ा 8.5 लाख करोड़ था। वहीं, वित्त वर्ष 2024 में यह बढ़कर 27.25 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। अनुमानों के मुताबिक, यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2025 में 30 लाख करोड़ से भी ऊपर जा सकता है। योजना के पहले तीन वर्षों में बांटे गए लोन अमाउंट की औसत वृद्धि दर 33 फीसदी रही, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसमें गिरावट आई। हालांकि, वित्त वर्ष 2023 में इसमें लगभग 36 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो भारत की आर्थिक संरचना के सबसे निचले स्तर पर उद्यमशीलता की वापसी का संकेत देती है। औसतन प्रति ऋण राशि लगभग तीन गुना बढ़ गई है। वित्त वर्ष 2016 में जहां यह 38,000 थी।

### एमएसएमई इकाइयों का आकार अब बड़ा हो रहा

पिछले 10 वर्षों में, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत कुल 52 करोड़ से ज्यादा खाते खोले गए हैं, जिनमें से 78 फीसदी खाते शिशु श्रेणी (40 करोड़), 20 फीसदी किशोर (10 करोड़) और 2 फीसदी तरुण/तरुण प्लस (2 करोड़) श्रेणी के हैं। दिलचस्प बात यह है कि शिशु खातों की कुल हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2016 में 93 फीसदी थी, जो वित्त वर्ष 2025 में घटकर 51.7 फीसदी रह गई है। वहीं, किशोर खातों की हिस्सेदारी 2016 में 5.9 फीसदी थी, जो बढ़कर 2025 में 44.7 फीसदी हो गई है। यह साफ संकेत है कि कई शिशु खाते अब परिपक्व होकर ज्यादा ऋण सीमा वाले किशोर खातों में परिवर्तित हो चुके हैं- यानी एमएसएमई इकाइयों का आकार अब बड़ा हो रहा है।

### फुटकर विक्रेताओं की मुनाफावसूली से फलों के खुदरा भाव में आई महंगाई

# फल मंडी में तरबूज व खरबूज की हो रही बंपर आवक

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल





राजधानी के करोंद स्थित थोक फल मंडी में तरबूज और खरबूज की बंपर आवक हो रही है। थोक फल मंडी में अनार, अंगूर, नारियल, संतरा, मौसंबी, चीकू ,पाइनेप्पल, सेब और केला सहित सभी प्रकार फलों की रोजाना 15 से 20 गाड़ी की आवक हो रही है।

मंडी में सभी फलों के दाम कम है, लेकिन हाट बाजार, हाथ ठेलों और सड़क किनारों लगी फलों की फुटकर दुकानों में फलों के खुदरा विक्रेताओं की मुनाफावसूली के चलते फलों के फुटकर भाव में महंगाई हावी है। करोंद फल मंडी स्थित थोक फल कारोबारी कमल शेजवार के अनुसार मंडी में फलों की बंपर आवक है। तरबूज और खरबूज की छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, महाराष्ट्र, खंडवाल, लेटरी, होशंगाबाद आदि क्षेत्र से खूब आ रहा है। मंडी में तरबूज 10 से 12 रुपए किलो और खरबूजा (शकरबट्टी) 15 से 20 रुपए किलो के भाव है।

### नासिक सोलापुर से आ रहा अंगूर

फल व्यापारी कमल बताते हैं कि नासिक सोलापुर से अंगूर की दो ट्रक आवक रोजाना की है जो कि 40 से 60 रुपए किलो क्वालिटीनुसार के भाव बिक रहा है। जबकि कच्चा नारियल मैसूर, आंधा और कर्नाटक से पहुंच रहा है। इसकी आवक 4 से 5 गाड़ी रोजाना की है और मंडी में 30 से 36 रुपए नग क्वालिटीनुसार बोला जा रहा है। चीकू की आवक गुजरात लाइन से हो रही है यह 250 से 300 रुपए पेटी (10 किलो) के भाव, मौसंबी 40 से 50 रुपए किलो, पाइनेपल 50 से 60 रुपए और संतरा 40 से 90 रुपए किलो क्वालिटीनुसार है।

### स्टोरेज और आयातित सेब की बिक्री

*मंडी में जो सेब पहुंच रहा है वह स्टोरेज का माल और आयातित है। आयातित सेब 180 से 200 रुपए के भाव और देसी डिलीसन सेब 110 से 120 रुपए किलो बोला जा रहा है। करोंद फल मंडी स्थित थोक केला व्यापारी मो.असलम के अनुसार मंडी में खपत के अनुरूप माल कम पहुंच रहा है। केला उत्पादक क्षेत्र बुरहानपुर, भुसावल में कच्चे केले का मौजूदा भाव 2500 से 3500 रुपए क्विंटल क्वालिटीनुसार है। स्थानीय करोंद फल मंडी 2 से 3 ट्रक रोजाना केला आ रहा है। फल मंडी में पका केला 600 से 700 रुपए कैरेट (21 से 22 किलो) के भाव बिक रहा है। तो राजधानी के फुटकर बाजार में खुदरा विक्रेता केला 50 से 70 रुपए दर्जन के भाव बेच रहे हैं।*

## अडाणी गंगावरम पोर्ट ने रेलवे ढांचे को मजबूत करने दो नए इंजन जोड़े

**नई दिल्ली।** देश के सबसे गहरे और अत्याधुनिक बंदरगाहों में से एक अडाणी गंगावरम पोर्ट ने अपने रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए दो नए डब्ल्यूडीजीउए इंजनों को शामिल किया है। कंपनी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षमता, दक्षता और कार्गो की आवाजाही को बेहतर बनाना है। नए इंजन शामिल करना, बंदरगाह की रेलवे नेटवर्क को अपग्रेड करने, कार्गो हैंडलिंग में सुधार करने और भंडारण एवं गोदाम सुविधाओं के विस्तार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। यह कदम क्षेत्र की बढ़ती लॉजिस्टिक्स मांगों को पूरा करने के लिए उठाया गया है। बंदरगाह ने पिछली तिमाही में दो नई क्रेनों को चालू किया है, जिससे पोत उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बुनियादी ढांचे में यह निरंतर निवेश बंदरगाह को समुद्री, रेलवे, सड़क और कन्वेयर संचालन में नए रिकॉर्ड स्थापित करने में मदद कर रहा है। अडाणी गंगावरम पोर्ट लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि इन नए इंजनों को शामिल करना परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### खुदरा व्यापारी, स्टॉकिस्ट एवं मिलर्स-प्रोसेसर्स सभी को देना होगा स्टॉक का विवरण

# इच्छा, क्षमता के अनुरूप गेहूं की खरीदी के लिए स्वतंत्र, लेकिन सरकारी पोर्टल पर स्टॉक विवरण अपलोड करना अनिवार्य

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



पीएम मोदी सरकार ने पिछले सप्ताह एक आदेश जारी किया था जिसके तहत 1 अप्रैल 2025 को सभी तरह के खरीदारों को अपने पास मौजूद गेहूं के स्टॉक का विवरण सरकारी पोर्टल पर देना होगा और उसके बाद प्रत्येक शुक्रवार को इसका अपडेट लोड करना पड़ेगा।

हालांकि सरकार ने गेहूं पर लागू भंडारण सीमा (स्टॉक लिमिट) की अवधि को 31 मार्च 2025 से आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया है,जिससे खुदरा व्यापारी, स्टॉकिस्ट एवं मिलर्स- प्रोसेसर्स अपनी इच्छा, क्षमता एवं जरूरत के अनुरूप गेहूं की खरीदी के लिए स्वतंत्र हो गए है, लेकिन किसके पास गेहूं का कितना स्टॉक मौजूद है इसका पता लगाने के लिए सरकार ने पोर्टल पर स्टॉक विवरण अपलोड करना अनिवार्य बना दिया है। जिन फर्मों ने इस पोर्टल के साथ रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है उसे यथाशीघ्र पंजीकरण करवाने के लिए कहा गया है। उसके बाद उसे भी स्टॉक का विवरण देना आवश्यक होगा। गेहूं के शानदार उत्पादन की संभावना को दिन में रखकर खाद्य मंत्रालय ने स्टॉक सीमा का आदेश तो वापस ले लिया है,लेकिन उसे इसके कुल स्टॉक का पता लगाना और इसे नियमित रूप से अपने संज्ञान में रखने की जरूरत महसूस हो रही है। पिछले साल का अनुभव काफी कड़वा रहा था। कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2024 में 1133 लाख टन गेहूं के रिकॉर्ड घरेलू उत्पादन का अनुमान लगाया था लेकिन फिर भी इसका भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी ऊंचे स्तर पर बरकरार रहा। हालत यह हो गई कि भंडारण सीमा लागू होने के बावजूद जब बाजार भाव नीचे नहीं आया । तब सरकार को खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अपने स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं बेचने के लिए विवश होना पड़ा। गेहूं एवं इसके उत्पादों के निर्यात पर पहले से ही प्रतिबंध लगा हुआ है।

### ब्राइट आउडडोर का बीएसई पर दो शानदार वर्षों का सफर

**मुंबई।** ब्राइट आउडडोर मीडिया लिमिटेड का बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर सफर जुनून, रचनात्मकता और अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा हुआ है। 24 मार्च 2023 को अपनी यादगार आईपीओ के साथ शुरुआत करने के बाद से कंपनी ने पारंपरिक तरीकों को डिजिटल परिवर्तन के साथ सहजता से मिश्रित कर इस उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया है।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पेन पैंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर /14/अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
मों. 9340637789

# कलाकारों ने गर्मी में स्टाइलिश और कंफर्टेबल दिखने के बताएं टिप्स



**मुंबई।** गर्मियों का मौसम आ गया है, और इसके साथ ही बढ़ते तापमान के बीच स्टाइलिश और आरामदायक फैशन को अपनाना भी जरूरी हो गया है। गर्मियों में पहनावा ऐसा होना चाहिये, जो न सिर्फ कूल लगे बल्कि आपको ठंडक भी महसूस कराए। एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने टिप्स बताये, जिनसे वे गर्मी में भी अपने फैशन का जलवा बरकरार रखते हैं! स्मिता सेबल, ऊर्फ 'भीमा' की धनिया, ने बताया कि गर्मियों में फैशन सहजता और स्टाइल का मेल हो इसलिए हल्के कॉटन और लिनेन के कपड़े पहनना पसंद करती हूँ, जो ठंडक भी देते हैं और स्टाइल में भी कोई कमी नहीं रखते। हल्के पेस्टल रंगों की साड़ियां, स्लीवलेस ब्लाउज़ के साथ, खूबसूरत व आरामदायक लुक देती हैं। कैज़ुअल दिनों में, काफ्तान या हल्की मिडी ड्रेसेस पसंद करती हूँ,। एसेसरीज़ में, जूट बैग्स, हल्के दुपट्टे और मिनिमल सिल्वर ज्वेलरी लुक को पूरा करती है। फैशन को गर्मी की ठंडी हवा जैसा लाइट महसूस होना चाहिए। 'गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' राजेश ने कहा, ''मेरे लिए गर्मियों का फैशन वही है जो इस मौसम की तरह लाइट और फ्री महसूस हो! मुझे कॉटन के को-ऑर्ड सेट्स, रिलैक्स्ड फिट कुलॉट्स और ओवरसाइज़्ड शर्ट्स पसंद हैं, जो कूल और स्टाइलिश लुक देते हैं। बाहर जाते समय स्ट्रैपी सैंडल्स और वाइड-ब्रिम हैट मेरी बेस्ट फ्रेंड्स होती हैं, जो न सिर्फ स्टाइलिश लगती हैं बल्कि धूप से बचाव भी करती हैं। लेकिन समर फैशन सिर्फ आउटफिट्स तक सीमित नहीं है, इसमें स्किनकेयर और हाइड्रेशन भी ज़रूरी है! मैं हमेशा अपने साथ फेस मिस्ट रखती हूँ और मिनिमल, ड्यूई मेकअप को प्रेफर करती हूँ। गर्मियों में नैचुरल ग्लो को पूरे कॉन्फिडेंस के साथ अपनानी हूं!'' शुभांगी अत्रे, ऊर्फ 'भाबीजी घर पर है' की अंगूरी भाबी बताती हैं कि गर्मियां उन छोटी-छोटी खुशियों का मज़ा लेने का मौसम है-चाहे वह हल्की ठंडी हवा हो, कोई ताज़गी भरा ड्रिंक हो, या फिर ऐसा आउटफिट जो दिनभर आरामदायक और स्टाइलिश महसूस कराए। मेरी पसंदीदा समर ड्रेसेज़ में फ्लोई मैक्सी ड्रेस और पेस्टल कलर की कुर्तियां शामिल हैं, जो हल्की और सुंदर होती हैं। साड़ियों की बात करें तो मैं शिफॉन और ऑर्गेंज़ा जैसे नर्म और हल्के फैब्रिक को चुनती हूँ, जिन्हें स्लीवलेस या एल्बो-लेंथ ब्लाउज़ के साथ पेयर कर एक ग्रेसफुल लुक देती हूँ। एसेसरीज़ मेरे लुक को कम्पलीट करने में अहम भूमिका निभाती हैं-बड़े सनग्लासेज़, स्टाइलिश हैट और हल्का स्कार्फ न सिर्फ फैशन को बढ़ाते हैं बल्कि मुझे धूप से भी बचाते हैं, साथ ही फ्रेश, सिट्रसी परफ्यूम तो समर लुक का ज़रूरी हिस्सा होता है, जो पूरे दिन तरोताजा और कॉन्फिडेंट महसूस कराता है।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5825



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

### शब्द पहेली- 5824 का हल



## सूडोकु नवताल- 5835

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5834 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |


स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल


रोचक / रजनी अरोड़ा


## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।







### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *

### दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं। यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *




### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था। आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *



### लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *



जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्डः स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी




सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।


तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी

शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *



**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**



गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी

## जीके क्विज-148



1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद


## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



तमन्ना, कोरबा



वेदका, बालोद



रितेश, मटियारी




अथर्व, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173

बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।








# आईपीएल : मुंबई-लखनऊ के बीच मैच आज, फार्म में नहीं रोहित और पंत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने सामने होंगी तो सभी की निगाह रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### पावर प्ले से निकलेगा जीत

इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### अश्वनी नई सनसनी

मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है। बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए थे।

### फार्म में पूरन, पंत कर रहे निराश

जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लखनऊ के लिए अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीन मैच में अभी तक 189 रन बनाए हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को छोड़कर लखनऊ का कोई भी अन्य बल्लेबाज पूरण की तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाया है। लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी और कप्तान पंत का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

खास खबर

## निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटे रबाडा



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। उनकी टीम गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। टाइटंस ने यह नहीं बताया कि रबाडा कब तक लौटेंगे। अभी तक उन्होंने दो ही मैच खेले हैं। गुजरात टीम ने एक बयान में कहा, 'कैगिसो रबाडा कुछ महत्वपूर्ण निजी मसले से निपटने के लिए दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं।'रबाडा ने पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक एक विकेट लिया था। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बुधवार को बेंगलुरू में खेले गए मैच में टीम में जगह नहीं दी गई। रबाडा की जगह अरशद खान को उतारा गया जिन्होंने विराट कोहली का कीमती विकेट लिया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## मुंबई के खिलाड़ियों की चोट पर आया बीसीसीआई का बयान

# बुमराह फिट पर अधिक वर्कलोड से खतरा आकाशदीप आज खेल सकते हैं डेब्यू मैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी में अभी और वक्त लग सकता है। उन्होंने अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सलेंस की तरफ से पूरी तरह फिट नहीं घोषित किया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बुमराह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज आकाश दीप जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह पूरी तरह फिट हैं लेकिन बीसीसीआई की मेडिकल टीम का मानना है कि तेज गेंदबाज के वर्कलोड में वृद्धि उनके लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है। इसलिए फिलहाल उन्हें बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सलेंस में ही रहने की सलाह दी गई है। अप्रैल के मध्य तक वह वापसी कर सकते हैं। इसके अलावा ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट में बताया गया है कि तेज गेंदबाज आकाश दीप बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स से जुड़ सकते हैं। वह शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में खेलते नजर आ सकते हैं।



### मुंबई के खिलाफ मैच में लखनऊ के लिए डेब्यू कर सकते हैं आकाश दीप



आकाश दीप भी पिछले साल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हुए थे। उन्हें पीठ में चोट आई थी। दिसंबर से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। अब खबर आई है कि चार अप्रैल को लखनऊ में मुंबई के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले में वह खेलते नजर आ सकते हैं। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने उन्बें आठ करोड़ रुपये में खरीदा था। इससे पहले 28 वर्षीय गेंदबाज आरसीबी का हिस्सा थे। उन्होंने इस टीम के लिए आठ मैचों में कुल सात विकेट हासिल किए हैं।

### बुमराह की चोट थोड़ी गंभीर

बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र ने बुमराह की हेल्थ पर बात करते हुए कहा- बुमराह की चोट थोड़ी गंभीर है। मेडिकल टीम यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उन्हें स्ट्रेस फ्रैक्चर न हो। बुमराह खुद भी सावधानी बरत रहे हैं। वह सीओई में गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन पूरी तरह से फिट होने में उन्हें अधिक समय लग सकता है। अभी तक कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद है कि वह अप्रैल के मध्य तक फिट हो जाएंगे।

### जनवरी से बाहर हैं गेंदबाज


बुमराह जनवरी 2025 से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेल सके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम मैच में खेले थे। हालांकि, उन्होंने सिर्फ पहली पारी में गेंदबाजी की थी इसके बाद वह आगे नहीं खेल सके थे।

### रामनवमी से 3 दिन पहले 'सूर्य-तिलक'...



**अयोध्या।** आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच से पहले गुरुवार को मुंबई के स्टार खिलाड़ियों ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। इनमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा शामिल हैं। सूर्या और दीपक पत्नियों के साथ नजर आए। सभी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तस्वीरें साझा कीं। रविवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का सूर्य-तिलक (सूर्य की रोशनी का भगवान के माथे पर चमकना) भी होगा।

### खबर संक्षेप



### सारा तेंदुलकर ने खरीदी क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर देश के सबसे अमीर क्रिकेटर्स में शामिल हैं। उन्हें देश में क्रिकेट का भगवान कहा जाता है। सचिन के कारण ही उनके परिवार का भी इस खेल से खास नाता है। उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर क्रिकेट खेलते हैं तो वहीं उनकी बेटी सारा ने भी अब इस दुनिया में कदम रख दिया है। सारा तेंदुलकर ने क्रिकेट टीम खरीदी है। सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि उन्होंने क्रिकेट टीम खरीदी है जो कि मुंबई से जुड़ी है। सारा ने ग्लोबल इ-क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई फैंचाइजी को खरीदा है। लीग ने इसका ऐलान किया।

### मनीष, हितेश, अभिनाश सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अभिनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई।



जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी। मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है।

### यूटीटी में कोचिंग में पदार्पण करेंगे पेइफर

**नई दिल्ली।** जर्मनी के विशेषज्ञ क्रिस पेइफर और एस रमन अहमदाबाद में 29 मई से 15 जून तक होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में कोचिंग में पदार्पण करेंगे। इनके अलावा ट्रेनर पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जुबिन कुमार भी विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में मौजूद होंगे। पेइफर 2022 से शरत कमल अकादमी के मुख्य कोच हैं। वह अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के मेंटोर होंगे।

### आईसीसी ने पाकिस्तान की टीम पर लगाया जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी जेफ क्रो ने ये जुर्माना तब लगाया जब 2 अप्रैल को दूसरे वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड की 84 रन से जीत के दौरान पाकिस्तान निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंक पाया था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच फीसदी जुर्माना लगाया जाता है। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपनी गलती मान ली और जुर्माना स्वीकार कर लिया इसलिए इसमें औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं है।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
मो. नं. : 9425601556, 9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत निर्माण कार्य अर्द्धशहरी थाना भवन बम्होरीकलां टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_414300_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.04.2025 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119523/2025 परियोजना यंत्री



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
//द्वितीय सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-12 Date- 03/04/2025 2025_UAD_414317_1 | संभाग क्रमांक-06 अंतर्गत पण्डित गोविंद बल्लभ पंत वार्ड मेंमछली मार्केट राधे पान सेंटर से लेकर सुजीपुरा मस्जिद तक रोड का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद मद) | तीन माह 9.17/- लाख | 2000/- 9180/- | 21/04/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री,
नगर पालिक निगम जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**
लोककर्म विभाग
// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_414002_1 पी.आर.ओ.-16 दिनांक 03/04/2025 | गोकलपुर अन्तर्गत 15 पुलिया से उदय नगर 1 विसर्जन घाट तक मार्ग का निर्माण कार्य। तक एम-20 सी.सी. सड़क का कार्य। कायाकल्प योजना-2 (अतिरिक्त आबंटन सहित) तृतीय निविदा | 02 माह रू 8.40 लाख | 2000/- 8400/- | 18/04/2025 |
| 2. | 2025_UAD_414002_2 पी.आर.ओ.-16 दिनांक 03/04/2025 | गोकलपुर अंतर्गत बच्चू किराना से पंचायती कुआं से मुख्य मार्ग गोकलपुर तक एम-30 सी.सी. सड़क का कार्य। कायाकल्प योजना-2 (अतिरिक्त आबंटन सहित) तृतीय निवदा | 02 माह रू 8.57 लाख | 2000/- 8570/- | 18/04/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./2025-26 निविदा आमंत्रण - सूचना बालाघाट. दिनांक 02.04.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_413877 | बालाघाट | व्यवहार न्यायालय लांजी में सामान्य (जनरल) महिला एवं पुरूष टायलेट का का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 7.15 | 14300.00 | 2000.00 | 03 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_413878 | बालाघाट | व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में स्थित सार्वजनिक शौचालय एवं बाथरूम में मरम्मत का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 1.78 | 3560.00 | 1000.00 | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | कुल योग | | 8.93 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15/04/2025 ( 17.30 बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

G-11084/25

(कार्यपालन यंत्री.)
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट



**कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.) 481001**

क्र. एफ / उद्यान शाखा / 50-2/2025/82 बालाघाट, दिनांक - 03/04/25

// द्वितीय - निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है–

| क्रं. | टेण्डर आईडी नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD 396012_1 | उद्यान की सामग्री प्रदाय किये जाने | 15 दिवस 600000=00 | 2000=00 एवं 12000=00 | 10/04/2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् , बालाघाट



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.सू.क्र./01-04/ व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2025 निविदा आमंत्रण सूचना डिण्डौरी, दिनांक 02.04.2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत Repairing & Maintenance Of India Mark-II Hand Pump हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा । निविदा दिनांक 03.04.2025 को प्रात: 13.30 बजे से दिनांक 17.04.2025 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है ।

**निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।**

| स. क्र. | ई निविदा क्र. | नि. सू. क्र. | वि.खं./ जिला | विवरण | अनु. लागत (PAC) (रू.) | धरोहर राशि (PAC) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 PHED_414030_1 | 01 | उपखंड अमरपुर | Repairing & Maintenance Of India Mark-II Hand Pump In Block Amarpur, District - Dindori | 40.25 | 50000.00 | 5000.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2025 PHED_414031_1 | 02 | उपखंड बजाग | Repairing & Maintenance Of India Mark-II Hand Pump In Block-Bajag, District - Dindori | 34.70 | 50000.00 | 5000.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2025 PHED_414034_1 | 03 | उपखंड करंजिया | Repairing & Maintenance Of India Mark-II Hand Pump In Block-Karanjiya, District - Dindori | 33.97 | 50000.00 | 5000.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 4 | 2025 PHED_414035_1 | 04 | उपखंड समनापुर | Repairing & Maintenance Of India Mark-II Hand Pump In Block-Samnapur, District - Dindori | 43.38 | 50000.00 | 5000.00 | प्रथम आमंत्रण |

G-11116/25 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
डिण्डौरी (म.प्र.)

## हाईकोर्ट ने आवेदन किया खारिज

# नर्सिंग काउंसिल जैसी स्वशासी संस्थाओं से फीस ले सकते हैं

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल द्वारा महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों को दी जाने वाली फीस पर आपत्ति जताते हुए दायर अर्जी खारिज कर दी है। जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि नर्सिंग काउंसिल एक स्वशासी संस्था है। वह राज्य सरकार से अलग अपने अधिवक्ता नियुक्त कर सकती है और उन्हें व्यावसायिक फीस दे सकती है। वहीं, ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोशिएशन की ओर से भी महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को करोड़ो रु का भुगतान अवैध रूप से किये जाने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की गई है। इस पर शुक्रवार को सुनवाई नियत है।



दरअसल, मप्र लॉ स्टूडेंट्स एसोशिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल बघेल की ओर से नर्सिंग घोटाले के खिलाफ याचिका दायर की गई है। इस पर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से एक आवेदन दायर किया गया। इसमे कहा गया कि नर्सिंग कॉलेज मामले में मप्र नर्सिंग काउंसिल ने महाधिवक्ता व राज्य सरकार के अन्य विधि अधिकारियों को अवैध रूप से करोड़ों रु फीस का भुगतान कर दिया। कोर्ट से आग्रह किया गया कि नर्सिंग कॉलेज मामले में नर्सिंग काउंसिल ने कितना विधिक खर्च किया, इसकी जांच कराई जाए। यह भी पता लगाया जाए कि क्या यह खर्च नियमानुसार हुआ? यदि, नही तो दोषियों से रिकवरी की जाए। अर्जी पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि स्वशासी संस्थाएं महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों को स्वतंत्र रूप से फीस दे सकती हैं। महाधिवक्ता की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 165 के तहत होती है। उन्हें राज्यपाल द्वारा निर्धारित वेतन मिलता है। लेकिन, ऐसा कोई नियम नहीं है जो उन्हें स्वशासी संस्थाओं से फीस लेने से रोकता हो । स्वशासी संस्थाएं, निगम और शासकीय कंपनियां अपने अधिवक्ता स्वतंत्र रूप से नियुक्त कर सकती हैं। वे अपनी फीस अपने फंड से देने के लिए स्वतंत्र हैं। इस मत के साथ कोर्ट ने उक्त अर्जी निरस्त कर दी। कोर्ट ने अपने फैसले में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा किए गए निर्माण कार्य के मामले में महाराष्ट्र हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का भी जिक्र किया।

## नगरीय विकास व आवास प्रमुख सचिव के समक्ष प्रस्तुत करें दावे

जबलपुर । मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा कि 30 वर्ष से आवंटन न होने के मामले में प्रमुख सचिव नगरीय विकास व आवास के समक्ष हाईकोर्ट के ताजा आदेश की प्रति सहित एक सप्ताह के भीतर दावा प्रस्तुत करें। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने कहा कि सुनवाई का अवसर देकर छह सप्ताह में विधि सम्मत निर्णय लेंगे। अपीलकर्ता कटनी निवासी किरण कुदरहा, गायत्री सोनी, रश्मि कुदरहा, मनहरन लाल दुबे, अंजना अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कटनी नगर सुधार न्यास( वर्तमान में कटनी नगरपालिका निगम) ने दुगरी नाला स्थित भूमि पर नगर सुधार न्यास की योजना क्रमांक-दो, में जो आवासीय कालोनी विकसित की जानी थी, वहां प्लाटों का आवंटन 30 वर्षों के लिए किया गया था। अपीलकताओं ने लीज रेंट भी जमा किया। लेकिन सीमांकन कराकर कब्जा नहीं सौंपा गया। इस रवैये को पूर्व में हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। लेकिन याचिका निरस्त कर दी गई। इसीलिए अपील दायर की गई है।



## बूंदाबांदी के बाद दिन भर छाए रहे बादल

**जबलपुर।**

पश्चिमी विक्षोभ के कारण गुरुवार को दूसरे दिन लगातार बादल छाए रहे। सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई उसके बाद उमस बरकरार रही। बादल और बूंदाबांदी के बाद पारे में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में कही कही गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ सकती है।

**अगले 24 घंटों के दौरान भी बौछारे पड़ने की संभावना**

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर पूर्वी हवाओं के चलने और बादलों के छाने से तापमान में गिरावट आई है लोगों को अप्रैल के शुरुआती दौर में गर्मी से राहत महसूस हो रही है। हालांकि पिछले दो सालों से अप्रैल के महीने में बारिश दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार से मौसम बदलेगा और पारा उछाल लेगा। फिलहाल गुरुवार को नगर का अधिकतम तापमान 32.03 डिग्री सेल्सियस पर रूक गया, जो समान्य से 4 डिग्री कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान भी 1 डिग्री की गिरावट के साथ 20.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंय गया जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। हवा मे नमी प्रातःकाल 63 प्रतिशत और सायंकाल 39 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5. 59 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 27 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 40.2 डिग्री तापमान नर्मदापुरम जबकि न्यूनतम 15.2 डिग्री तापमान सीधी में दर्ज किया गया। उत्तरी हवायें 3 से 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। गुरुवार को हुई बारिश 0.2 मिमी दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री ओर न्यूनतम तापमान 41.4 डिग्री रहा।

## हिट एण्ड रन हादसे में मौत पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** शहर के गढ़ा थाना क्षेत्र के त्रिपुरी चौक में गत दिनों सुबह की सैर के लिये निकले एक 55 वर्षीय व्यक्ति को अज्ञात तेज रफ्तार कार द्वारा टक्कर मारने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। टक्कर लगने से व्यक्ति को गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी तथा सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतक के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना के अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## फिजिक्सवाला ने जबलपुर में पहला टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर किया शुरू

**जबलपुर।** एजुकेशन कंपनी, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है और जबलपुर में अपने पहले टेक-इनेबल्ड पीडब्लू विद्यापीठ सेंटर का उद्घाटन किया है, जो एमएलबी स्कूल रोड में स्थित है। उद्घाटन समारोह में डीआईजी रजनीश कुमार त्रिपाठी भी शामिल हुए। विद्यापीठ सेंटर में टेक-इनेबल्ड कक्षाएं है, जो एक अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करता है। पीडब्लू के मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में भी कई केंद्र हैं। पीडब्लू विद्यापीठ टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन केंद्र हैं, जहां छात्र अनुभवी शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने वाले इन-पर्सन कक्षाओं में भाग लेते हैं। ये केंद्र जेईई , नीट और फाउंडेशन के लिए एक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और साथ ही शैक्षणिक परीक्षाओं जैसे ओलंपियाड पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। इन केंद्रों में छात्रों के लिए रिकॉर्डेड लेक्चर, एन सी ईआर टी सामग्री में सहायता, ऑफलाइन डाउट-सॉल्विंग, डेली प्रैक्टिस प्रॉब्लम्स सीरीज विशेष मॉड्यूल, एक्टिविटी-बेस्ड लर्निंग, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र, और फिजिक्श वाला आल इंडिया टेस्ट सीरीज जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसके अलावा, केंद्रों में स्टूडेंट सक्सेस टीम के लिए एक समर्पित डेस्क और माता-पिता एवं शिक्षकों के लिए एक डैशबोर्ड सिस्टम भी है, जो छात्रों की प्रगति पर अपडेट प्रदान करता है।




सीईओ फिजिक्सवाला ऑफलाइन अंकित गुप्ता, ने बताया कि "पीडब्लू में, हम छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के नए तरीके खोजने का प्रयास करते हैं। हमारा मानना है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की तलाश में अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह उनके लिए भावनात्मक और आर्थिक रूप से कठिन हो सकता है। जबलपुर में अपना पहला पीडब्लू विद्यापीठ केंद्र खोलकर, हमारा लक्ष्य टेक-इनेबल्ड गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को उनके घरों के करीब लाना है और देशभर में और अधिक शैक्षिक हब-स्पॉट विकसित करना है।"

## बाईक में घूम-घूम कर बेच रहा था नशीले इंजैक्शन


**जबलपुर।** खमरिया थाना क्षेत्र में बाईक में घूम घूम कर नशीले इंजैक्शन का विक्रय कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 नग नशीलें इंजेक्शन और एक हजार रुपए जब्त किए है।



खमरिया थाना प्रभारी श्रीमति सरोजनी टोप्पो ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर गत दिवस मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 एन पी 2706 में घूम घूम कर नशा करने वालों को नशीले इंजेक्शन विक्रय कर रहे घाना खमरिया निवासी 36 वर्षीय प्रमोद उर्फ अज्जू चंदेलिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 बुप्रेनोरफिन इंजैक्शन आईपी ब्यूपिन तथा 20 फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन आईपी एविल तथा बिक्री के एक हजार रूपये जब्त किए है। उक्त नशीले इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर नशा करने वालों को 200 रूपये में बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 5/13 म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

### आयोग के निर्धारित लक्ष्य से अधिक हुआ जल विद्युत उत्पादन



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के जल विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पावर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2694 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जल विद्युत गृहों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 2757 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृहों द्वारा वर्ष 2020-21 के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की जल विद्युत उत्पादन क्षमता 915 मेगावाट है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने जल विद्युत गृहों के अभियंताओं व कार्मिकों को नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य से अधिक विद्युत उत्पादन करने के लिए बधाई दी।

## आज से फिर चलेगी रीवा-इतवारी एक्सप्रेस

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल पर ब्रिजों के अनुरक्षण कार्य के चलते रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस की सेवाओं को पहले निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब निरस्त रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस की सेवाएं आगामी 4 अप्रैल से बहाल रहेगी। यानि अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार गंतव्य तक चलती रहेंगी। गाड़ी संख्या 11756 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस 4 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस दिनांक 05 अप्रैल 2025 से बहाल कर दिया गया है।

## सजने लगे स्विस टेंट, मोटर बोट दौड़ाने पहुंचा दल

### बरगी बांध की सुरम्य वादियों में झील महोत्सव कल से

**जबलपुर।** मंडला मार्ग पर स्थित समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाडिय़ों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर होने जा रहे झील महोत्सव की तैयारी पूर्णता की ओर है। पांच अप्रैल से आरंभ हो रहा झील महोत्सव में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियां देखने मिलेंगी, वहीं शाम को सुरों की सरिता बहेगी। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) का यह आयोजन 20 अप्रैल तक चलेगा। झील महोत्सव में बरगी बांध की अथाह जलराशि में जहां मोटर बोट और अन्य राइड का पर्यटक आनंद उठाएंगे, वहीं पानी के बाहर ग्राउंड एक्टिविटीज के अंतर्गत पैरामोटरिंग का रोमांच भी होगा।



मोटर बोट दौडाने वाले विशेषज्ञों का दल आयोजन स्थल पहुंच गया है। साहसिक खेल सतपुडा स्पोर्टस क्लब के ट्रेनर कराएंगे। पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी बनाने की तैयारी पूर्णता की ओर है। पर्यटकों के लिए स्विस टेंट में रुकने की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर लगने वाले डोम के अंदर फूड जोन के साथ विभिन्न उत्पादों के स्टाल यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए मनोरंजन में बढोतरी करेंगे। समाधि रोड से आगे बरबटी से एकलव्य हास्टल से आगे नर्मदा के इस सुरम्य तट तक पहुंचा जा सकता है। जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि महोत्सव में वाटर स्पोर्टस की वह सभी राइड देखने मिलेंगी जो समुद्र तटीय महानगरों में देखने मिलती हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में होने वाले साहसिक खेलों का आनंद अब यहाँ उठाया जा सकता है। पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्र ने बताया कि यह वाटर कार्नीवाल जबलपुर को पर्यटन के नक्शे में और चमकाएगा। झील महोत्सव में राजस्थानी कलाकार प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य नाटिका के माध्यम से मां नर्मदा की स्तुति के साथ आरंभ होंगे। झील महोत्सव में शिवनारायण का समूह चकरी घूमर चरी, कालबेलिया जैसे राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति देगा। मंच पर जबलपुर के कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240